WWW.JAGRANJOSH.COM

# केंद्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा 2011 के द्वितीय प्रश्नपत्र का हल

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **$1\frac{1}{2}$ घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं। कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
4. इस पुस्तिका **का संकेत है P.** यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं। अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी प्रश्न पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो प्रत्येक 1 अंक का है :
   भाग I : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र *(प्र. 1 से प्र. 30)*
   भाग II : गणित व विज्ञान *(प्र. 31 से प्र. 90)*
   भाग III : सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान *(प्र. 31 से प्र. 90)*
   भाग IV : भाषा I — (अंग्रेज़ी / हिन्दी) *(प्र. 91 से प्र. 120)*
   भाग V : भाषा II — (अंग्रेज़ी / हिन्दी) *(प्र. 121 से प्र. 150)*
6. परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 **या** तो भाग II (गणित व विज्ञान) **या** भाग III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं।
7. भाग IV में भाषा I के लिए 30 प्रश्न और भाग V में भाषा II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं। इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं। **यदि भाषा I और/या भाषा II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है तो कृपया उस भाषा वाली परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए। जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिएँ।**
8. **परीक्षार्थी भाग V (भाषा II) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो।**
9. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें।
10. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु **श्वेत रंजक** का प्रयोग निषिद्ध है।

भाग I

## बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

1. सृजनात्मक शिक्षार्थी वह है जो
   (1) ड्राइंग और पेंटिंग में बहुत विलक्षण है
   (2) बहुत बुद्धिमान् है
   (3) परीक्षा में हर बार अच्छे अंक प्राप्त करने के योग्य है
   (4) पार्श्व (लेट्रल) चिंतन और समस्या-समाधान में अच्छा है

2. व्यक्तिगत शिक्षार्थी एक-दूसरे से ______ में भिन्न होते हैं ।
   (1) वृद्धि एवं विकास के सिद्धांतों
   (2) विकास की दर
   (3) विकास-क्रम
   (4) विकास की सामान्य क्षमता

3. प्रत्येक शिक्षार्थी स्वयं में विशिष्ट है । इसका अर्थ है कि
   (1) कोई भी दो शिक्षार्थी अपनी योग्यताओं, रुचियों और प्रतिभाओं में एकसमान नहीं होते
   (2) शिक्षार्थियों में न तो कोई समान विशेषताएँ होती हैं और न ही उनके लक्ष्य समान होते हैं
   (3) सभी शिक्षार्थियों के लिए एकसमान पाठ्यचर्या संभव नहीं है
   (4) एक विषमरूपी कक्षा में शिक्षार्थियों की क्षमताओं को विकसित करना असंभव है

4. सिद्धांत के रूप में रचनावाद
   (1) अनुकरण की भूमिका पर केन्द्रित है
   (2) दुनिया के बारे में अपना दृष्टिकोण निर्मित करने में शिक्षार्थी की भूमिका पर बल देता है
   (3) सूचनाओं को याद करने और पुनःस्मरण द्वारा जाँच करने पर बल देता है
   (4) शिक्षक की प्रभुत्वशाली भूमिका पर बल देता है

5. अवधारणाओं का विकास मुख्य रूप से ______ का हिस्सा है ।
   (1) संवेगात्मक विकास
   (2) बौद्धिक विकास
   (3) शारीरिक विकास
   (4) सामाजिक विकास

6. आनुवंशिकता को ____________ सामाजिक संरचना माना जाता है ।
   (1) प्राथमिक
   (2) गौण
   (3) गत्यात्मक
   (4) स्थिर

7. सबसे अधिक गहन और जटिल समाजीकरण होता है
   (1) व्यक्ति के पूरे जीवन में
   (2) किशोरावस्था के दौरान
   (3) पूर्व बाल्यावस्था के दौरान
   (4) प्रौढ़ावस्था के दौरान

8. शिक्षार्थी जो पहले सीख चुके हैं उसकी पुनरावृत्ति और प्रत्यास्मरण में शिक्षार्थियों की मदद करना महत्त्वपूर्ण है क्योंकि
   (1) यह किसी भी कक्षा-अनुदेशन के लिए एक सुविधाजनक शुरुआत है
   (2) नई जानकारी को पूर्व जानकारी से जोड़ना सीखने को समृद्ध बनाता है
   (3) पूर्व पाठों को दोहराने का यह एक प्रभावी तरीका है
   (4) यह शिक्षार्थियों की स्मृति को बढ़ाता है जिससे सीखना सुदृढ़ होता है

9. पियाजे के अनुसार विकास की पहली अवस्था (जन्म से लगभग 2 वर्ष आयु) के दौरान बच्चा ____________ सबसे बेहतर सीखता है ।
   (1) इंद्रियों के प्रयोग द्वारा
   (2) निष्क्रिय (neutral) शब्दों को समझने के द्वारा
   (3) अमूर्त तरीके से चिंतन द्वारा
   (4) भाषा के नए अर्जित ज्ञान के अनुप्रयोग द्वारा

10. सीखने का वह सिद्धांत जो पूर्ण रूप से और केवल *'अवलोकनीय व्यवहार'* पर आधारित है, सीखने के ____________ सिद्धांत से सम्बद्ध है ।
   (1) संज्ञानवादी
   (2) विकासवादी
   (3) व्यवहारवादी
   (4) रचनावादी

**11.** भारतीय समाज की बहुभाषिक विशेषता को ________ देखा जाना चाहिए ।

(1) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में बाधा के रूप में

(2) विद्यालयी जीवन को समृद्ध बनाने के संसाधन के रूप में

(3) विद्यार्थियों को सीखने के लिए अभिप्रेरित करने हेतु शिक्षक-योग्यता की चुनौती के रूप में

(4) शिक्षार्थियों के लिए विद्यालयी जीवन को एक जटिल अनुभव के रूप में बनाने के एक कारक के रूप में

**12.** सृजनात्मक उत्तरों के लिए आवश्यक है

(1) प्रत्यक्ष शिक्षण एवं प्रत्यक्ष प्रश्न

(2) विषय-वस्तु आधारित प्रश्न

(3) मुक्त-उत्तर वाले प्रश्न

(4) एक अत्यंत अनुशासित कक्षा

**13.** विद्यार्थियों के सीखने में जो रिक्तियाँ रह जाती हैं उनके निदान के बाद ____________ होना चाहिए ।

(1) समुचित उपचारात्मक कार्य

(2) सघन अभ्यास कार्य

(3) सभी पाठों को व्यवस्थित रूप से दोहराना

(4) शिक्षार्थियों और अभिभावकों को उपलब्धि के बारे में बताना

**14.** निम्नलिखित में से किस कथन को 'सीखने' के लक्षण के रूप में ***नहीं*** माना जा सकता ?

(1) सीखना एक प्रक्रिया है जो व्यवहार में मध्यस्थता करती है

(2) सीखना कुछ ऐसी चीज़ है जो कुछ अनुभवों के परिणामस्वरूप घटित होती है

(3) व्यवहार का अध्ययन सीखना है

(4) अन-अधिगम (unlearning) भी सीखने का एक हिस्सा है

**15.** शिक्षार्थियों का 'आत्म-नियमन' _______ की ओर संकेत करता है ।

(1) अपने सीखने का स्वयं पर्यवेक्षण करने की उनकी योग्यता

(2) विद्यार्थियों के व्यवहार के लिए विनियम बनाना

(3) विद्यार्थी-निकाय द्वारा बनाए गए नियम-विनियम

(4) स्व-अनुशासन और नियंत्रण

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'समझ के लिए शिक्षण' को प्रदर्शित ***नहीं*** करता ?

(1) परिघटना या अवधारणा को अपने शब्दों में अभिव्यक्त करने के लिए विद्यार्थियों को कहना
(2) नियम कैसे काम करता है इसे स्पष्ट करने हेतु उदाहरण उपलब्ध कराने के लिए विद्यार्थियों को पढ़ाना
(3) समानता और अंतर देखने और सादृश्यता स्थापित करने के लिए विद्यार्थियों की सहायता करना
(4) विद्यार्थियों को एकाकी तथ्यों और प्रक्रियाओं को याद करने के योग्य बनाना

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'सीखने' के बारे में सही है ?

(1) बच्चों द्वारा की गई त्रुटियाँ यह संकेत करती हैं कि किसी तरह का सीखना नहीं हुआ ।
(2) सीखना उस वातावरण में प्रभावी होता है जो संवेगात्मक रूप से सकारात्मक हो और शिक्षार्थियों को संतुष्ट करने वाला हो ।
(3) सीखने के किसी भी चरण पर सीखना संवेगात्मक कारकों से प्रभावित नहीं होता ।
(4) सीखना मूल रूप से मानसिक क्रिया है ।

**18.** मानव विकास कुछ विशेष सिद्धांतों पर आधारित है । निम्नलिखित में से कौन-सा मानव विकास का सिद्धांत ***नहीं*** है ?

(1) निरंतरता
(2) आनुक्रमिकता
(3) सामान्य से विशिष्ट
(4) प्रतिवर्ती

**19.** मूल्यांकन (assessment) का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए

(1) शिक्षार्थियों की त्रुटियाँ निकालना
(2) शिक्षार्थियों की उपलब्धि को मापना
(3) यह निर्णय लेना कि क्या विद्यार्थी को अगली कक्षा में प्रोन्नत किया जाना चाहिए
(4) सीखने में होने वाली कमियों का निदान और उपचार करना

**20.** निःशक्त बच्चों के लिए समेकित शिक्षा की केंद्रीय प्रायोजित योजना का उद्देश्य है ____________ में निःशक्त बच्चों को शैक्षिक अवसर उपलब्ध कराना ।

(1) नियमित विद्यालयों
(2) विशेष विद्यालयों
(3) मुक्त विद्यालयों
(4) 'ब्लाइंड रिलीफ एसोसिएशन' के विद्यालयों

**21.** छोटे शिक्षार्थियों में निम्नलिखित में से कौन-सा लक्षण 'पठन-कठिनाई' का ***नहीं*** है ?

(1) वर्ण एवं शब्द पहचान में कठिनाई
(2) पठन-गति और प्रवाह में कठिनाई
(3) शब्दों और विचारों को समझने में कठिनाई
(4) सुसंगत वर्तनी में कठिनाई

**22.** एक शिक्षिका अपनी कक्षा के प्रतिभाशाली बच्चों की योग्यताओं (potential) की उपलब्धि चाहती है। अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए उसे निम्नलिखित में से क्या ***नहीं*** करना चाहिए ?

(1) ग़ैर-शैक्षणिक गतिविधियों में आनंद लेना सिखाना
(2) तनाव को नियंत्रित करना सिखाना
(3) विशेष ध्यान के लिए उन्हें उनके समकक्षियों से अलग करना
(4) उनकी सृजनात्मकता को समृद्ध करने के लिए उन्हें चुनौती देना

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता आंतरिक रूप से अभिप्रेरित बच्चों के लिए सही ***नहीं*** है ?

(1) ये हमेशा सफल होते हैं
(2) उन्हें कार्य करने में आनंद आता है
(3) वे कार्य करते समय उच्च स्तर की ऊर्जा प्रदर्शित करते हैं
(4) वे चुनौती भरे कार्यों को पसंद करते हैं

**24.** निम्नलिखित में से कौन-सा रचनात्मक आकलन (Formative Assessment) के लिए उचित उपकरण ***नहीं*** है ?

(1) दत्त कार्य
(2) मौखिक प्रश्न
(3) सत्र परीक्षा
(4) प्रश्नोत्तरी और खेल

**25.** शिक्षार्थियों को ____________ के लिए प्रोत्साहित ***नहीं*** करना चाहिए।

(1) कक्षा के अंदर और बाहर अधिक-से-अधिक प्रश्न पूछने
(2) समूह कार्य में दूसरे शिक्षार्थियों के साथ सक्रिय रूप से अंतःक्रिया करने
(3) अधिक-से-अधिक पाठ्य-सहगामी क्रियाओं में हिस्सा लेने
(4) शिक्षक जो पूछ सकते हैं उन सभी प्रश्नों के उत्तर याद करने

26. इरफ़ान खिलौनों को तोड़ता है और उसके पुर्ज़ों को देखने के लिए उन्हें अलग-अलग कर देता है । आप क्या करेंगे ?
(1) इरफ़ान को खिलौनों से कभी भी नहीं खेलने देंगे
(2) उस पर हमेशा नज़र रखेंगे
(3) उसके जिज्ञासु स्वभाव को प्रोत्साहित करेंगे और उसकी ऊर्जा को सही दिशा में संचरित करेंगे
(4) उसे समझाएँगे कि खिलौनों को तोड़ना नहीं चाहिए

27. 'पुरुष स्त्रियों की अपेक्षा ज़्यादा बुद्धिमान् होते हैं ।' यह कथन
(1) सही है
(2) सही हो सकता है
(3) लैंगिक पूर्वाग्रह को प्रदर्शित करता है
(4) बुद्धि के भिन्न पक्षों के लिए सही है

28. बच्चे के विकास के सिद्धांतों को समझना शिक्षक की सहायता करता है
(1) शिक्षार्थी के सामाजिक स्तर को पहचानने में
(2) शिक्षार्थी की आर्थिक पृष्ठभूमि को पहचानने में
(3) शिक्षार्थियों को क्यों पढ़ाना चाहिए – यह औचित्य स्थापित करने में
(4) शिक्षार्थियों की भिन्न अधिगम-शैलियों को प्रभावी रूप में संबोधित करने में

29. क्रिस्टिना अपनी कक्षा को क्षेत्र-भ्रमण पर ले जाती है और वापस आने पर अपने विद्यार्थियों के साथ भ्रमण पर चर्चा करती है । यह __________ की ओर संकेत करता है ।
(1) सीखने का आकलन (Assessment)
(2) सीखने के लिए आकलन
(3) आकलन के लिए सीखना
(4) आकलन का सीखना

30. 'बच्चे के उचित विकास को सुनिश्चित करने के लिए उसका स्वस्थ शारीरिक विकास एक महत्त्वपूर्ण पूर्व आवश्यकता है ।' यह कथन
(1) ग़लत है, क्योंकि शारीरिक विकास, विकास के अन्य पक्षों को किसी भी प्रकार से भी प्रभावित नहीं करता
(2) ग़लत हो सकता है, क्योंकि विकास नितांत व्यक्तिगत मामला है
(3) सही है, क्योंकि विकास-क्रम में शारीरिक विकास सबसे पहले स्थान पर आता है
(4) सही है, क्योंकि शारीरिक विकास, विकास के अन्य पक्षों के साथ अंतःसम्बन्धित है

***परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग II (गणित व विज्ञान) या भाग III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।***

## भाग II

## गणित व विज्ञान

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

**31.** एक आयताकार प्लॉट की लंबाई तथा परिमाप का अनुपात 1 : 3 है । प्लॉट की लंबाई और चौड़ाई के बीच क्या अनुपात होगा ?

(1) 1 : 2

(2) 2 : 1

(3) 3 : 2

(4) आँकड़े अपर्याप्त हैं

**32.** यदि $a * b = a^2 + b^2$ और $a . b = a^2 - b^2$, तो $(5 * 2) . 25$ का मान होगा

(1) 215

(2) 225

(3) 226

(4) 216

**33.** यदि आरोही क्रम में a, b और c तीन प्राकृत संख्याएँ हैं, तो

(1) $c^2 - a^2 > b$

(2) $c^2 - a^2 = b^2$

(3) $c^2 - a^2 < b^2$

(4) $c^2 + b^2 = a^2$

**34.** 'तीन खरीदने पर एक मुफ़्त ।' यहाँ दी गई छूट का प्रतिशत क्या है ?

(1) 33·33%

(2) 25%

(3) 20%

(4) 28·56%

**35.** $\sqrt{2+\sqrt{3}} + \sqrt{2-\sqrt{3}}$ का मान है

(1) $\sqrt{6}$

(2) 6

(3) $2\sqrt{2}$

(4) $2\sqrt{3}$

**36.** किसी लोहे की एक छड़ को पुनः ढालते हुए उसके अर्धव्यास को एक-चौथाई कर दिया जाता है । यदि उसका आयतन वही रहता है, तो उसकी नई लंबाई हो जाएगी

(1) मूल लंबाई की $\frac{1}{4}$ गुना

(2) मूल लंबाई की $\frac{1}{16}$ गुना

(3) मूल लंबाई की 16 गुना

(4) मूल लंबाई की 4 गुना

**37.** यदि $\frac{547 \cdot 527}{0 \cdot 0082} = x$ है, तो $\frac{547527}{82}$ का मान ज्ञात कीजिए ।

(1) $\frac{x}{10}$

(2) 10 x

(3) 100 x

(4) $\frac{x}{100}$

**38.** एक पूर्ण घन संख्या प्राप्त करने के लिए 68600 को किस सबसे छोटी संख्या से गुणा किया जाना चाहिए ?


(1) 5

(2) 10

(3) 8

(4) 12

**39.** 'C' पर साइकिल चलाने वाला 'B' की तरफ साइकिल चला रहा है । A और B दोनों के समान्तराली आने से पहले उसे C से कितनी दूर तक साइकिल चलानी होगी ?




(1) 4 किमी

(2) 3 किमी

(3) 6 किमी

(4) 5 किमी

**40.** $13^{2003}$ में इकाई के स्थान पर आएगा


(1) 1

(2) 3

(3) 7

(4) 9

**41.** एक वर्गाकार कागज़ ABCD को जब उसके विकर्ण AC को घूर्णन अक्ष मानकर घुमाया जाता है, तो निम्न में से कौन-सी ठोस आकृति बनेगी ?




(1) शंकु
(2) तर्कु (स्पिंडल)
(3) बेलन
(4) समलंब चतुर्भुज

**42.** आधार x इकाई के साथ त्रिभुज का क्षेत्रफल भुजा x इकाई के साथ वर्ग के क्षेत्रफल के बराबर है । तो त्रिभुज का शीर्षलंब होगा

(1) x/2 इकाई
(2) x इकाई
(3) 2x इकाई
(4) 3x इकाई

**43.** $33\frac{1}{2}\%$ ; $\frac{4}{15}$ तथा 0·35 में सबसे बड़ा कौन-सा है ?

(1) $33\frac{1}{2}\%$

(2) $\frac{4}{15}$

(3) 0·35

(4) तुलना नहीं की जा सकती

**44.** $25 - p^2 - q^2 - 2pq$ का गुणनखण्ड है

(1) $(5 + p + q)(5 - p + q)$


(2) $(5 + p + q)(5 - p - q)$

(3) $(5 + p - q)(5 - p + q)$

(4) $(5 + p - q)(5 - p - q)$

**45.** एक आयत को क्षैतिज रूप से दो बराबर भागों में बाँटा जाता है । ऊपर वाले भाग को पुनः तीन बराबर भागों में बाँटा जाता है और निचले भाग को चार बराबर भागों में बाँटा जाता है ।

मूल आयत का कितना भाग छायांकित है ?




(1) $\frac{3}{5}$

(2) $\frac{2}{7}$

(3) $\frac{4}{7}$

(4) $\frac{7}{12}$

**46.** दिए गए चित्र में, PS = SQ = SR और $\angle SPQ = 54°$. $\angle x$ का माप ज्ञात कीजिए ।




(1) 54°

(2) 72°

(3) 108°

(4) 36°

**47.** 2x – 13, 2x – 11, 2x – 9, 2x – 7 क्रमागत हैं

(1) अभाज्य संख्याएँ

(2) सम संख्याएँ

(3) विषम संख्याएँ

(4) प्राकृत संख्याएँ

**48.** 57·12% की तुल्य भिन्न है (लगभग)

(1) $\frac{349}{625}$

(2) $\frac{359}{625}$

(3) $\frac{357}{625}$

(4) $\frac{347}{625}$

**49.** समबाहु त्रिभुज की भुजा और ऊँचाई का अनुपात है

(1) 2 : 1

(2) 1 : 1

(3) $2 : \sqrt{3}$

(4) $\sqrt{3} : 2$

**50.** यदि एक वर्गाकार कागज़ की दो आसन्न भुजाओं को क्रमशः 20% और 40% घटा दिया जाए, तो नया क्षेत्रफल कितने प्रतिशत घट जाएगा ?

(1) 48%

(2) 50%

(3) 52%

(4) 60%

51. $\frac{4}{16} - \frac{1}{8} = \frac{3}{8}$

$\frac{6}{7} - \frac{2}{9} = \frac{4}{2}$

उपर्युक्त एक विद्यार्थी के कार्य को दर्शाता है । यदि यह त्रुटि-पैटर्न निरंतर जारी रहता है, तो $\frac{5}{11} - \frac{2}{7}$ के लिए विद्यार्थी का उत्तर होगा

(1) $\frac{7}{18}$

(2) $\frac{3}{4}$

(3) $\frac{3}{7}$

(4) $\frac{2}{18}$

52. कक्षा-VI में शिक्षिका प्रत्येक बच्चे को एक सेंटीमीटर ग्रिड पेपर और कैंची देती है । वह उनसे चाहती है कि वे बताएँ कि द्वि-आयामी आकृतियों को त्रि-आयामी वस्तुओं के रूप में कैसे मोड़ा जा सकता है । विद्यार्थी निम्नलिखित में से कौन-सी संकल्पना खोज रहे हैं ?

(1) घूर्णन

(2) परावर्तन

(3) पाश (Nets)

(4) दशमलव

**53.** घातांक का कार्य करते हुए एक शिक्षार्थी की नोट-बुक में जो कार्य देखा गया, वह इस प्रकार था :

$4^3 \times 4^2 = 4^5$

$6^4 \times 6^4 = 6^8$

$7^3 \times 3^7 = 21^{10}$

शिक्षार्थी को यह समझ नहीं आया कि __________ कैसे किया जाता है ।

(1) घातांकों का योग

(2) घातांकों का योग और गुणन

(3) समान आधार वाली संख्याओं का गुणन

(4) अलग आधार वाली संख्याओं का गुणन

**54.** गणित पढ़ाने के एक उपागम रूप में समस्या-समाधान के बारे में चर्चा करते हुए शिक्षकों ने चार विचार बताए । निम्नलिखित में से कौन-सा विचार इस उपागम के वास्तविक अर्थ को उचित सिद्ध ***नहीं*** करता ?

(1) 'मेरे विचार से समस्या-समाधान के प्रश्न वास्तविक जीवन की स्थितियों से बनाए जाने चाहिए ।'

(2) 'मेरे विचार से गणित की पाठ्य-पुस्तक के कई प्रश्न समस्या-समाधान के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं ।'

(3) 'मेरे विचार से समस्या-समाधान को सामान्य गणित की कक्षा से जोड़ना बेहतर होता है ।'

(4) 'मेरे विचार से समस्या-समाधान और गणितीय तर्कणा में कोई सहसम्बन्ध नहीं है ।'

**55.** दिए गए रैखिक समीकरण I, II तथा III में से एक शिक्षार्थी III को बीजीय रूप में हल नहीं कर पाया। शिक्षार्थी जिसे समझ नहीं पाया वह कठिनाई-क्षेत्र यह हो सकता है

$$4x + 6y = 12$$
$$2x + 6y = 8$$

I

$$5x + 4y = 8$$
$$9x + 4y = 10$$

II

$$6x + 2y = 1$$
$$4x + 3y = 1$$

III

(1) दो समीकरणों को हल करने के लिए उनका योग या व्यवकलन (घटाना) किया जा सकता है

(2) प्रतिस्थापन विधि द्वारा दो समीकरणों को हल किया जा सकता है

(3) समीकरणों को ग्राफ़ विधि के द्वारा हल किया जाना चाहिए

(4) III में दिए गए दोनों समीकरण उचित संख्याओं से गुणन करने पर परिवर्तित किए जा सकते हैं


**56.** क्षेत्रमिति पढ़ाते समय शिक्षक आगे बढ़ने से पहले बोर्ड पर सभी सूत्र लिख देती है। यह तरीका दर्शाता है कि वह ___________ का अनुपालन कर रही है।

(1) आगमन उपागम

(2) निगमन उपागम

(3) प्रायोगिक उपागम

(4) व्यावहारिक उपागम

**57.** अमीना माचिस की तीलियों से खेल रही है और वह हर चरण पर एक  जोड़ती है :



दूसरी तरफ अप्पू एक तालिका बनाता है :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| L की संख्या | 1 | 2 | 3 | ... |
| माचिस की तीलियों की संख्या | 2 | 4 | 6 | ... |

इस स्थिति में दोनों बच्चों के बारे में आपका अवलोकन क्या कहता है ?

(1) अमीना केवल खेल रही है और अप्पू गणित कर रहा है

(2) सामान्यीकरण तक पहुँचने के लिए अमीना को बहुत सारी माचिस की तीलियाँ चाहिए, जबकि अप्पू यह बहुत तेज़ी से करेगा

(3) अमीना और अप्पू दोनों सामान्यीकरण तक पहुँचने की कोशिश कर रहे हैं

(4) अमीना करके सीख रही है और अप्पू शायद पैटर्न को बिल्कुल भी नहीं देख पाए

**58.** गणित में बेहतर होने के लिए एक व्यक्ति को __________ आवश्यकता है ।

(1) हल को याद रखने की

(2) गणनाओं में प्रवीणता की

(3) अमूर्त चिंतन और तर्कसंगत विवेचन द्वारा समस्याओं को बनाने और उन्हें सूत्रबद्ध करने की

(4) सूत्र याद करने की

**59.** विद्यार्थी गणितीय समस्याओं को हल करते समय ग़लतियाँ करते हैं, क्योंकि

(1) वे पर्याप्त अभ्यास नहीं करते


(2) वे एक से अधिक पाठ्य-पुस्तकें नहीं पढ़ते

(3) उनका सामाजिक-आर्थिक स्तर उनके निष्पादन को प्रभावित करता है

(4) वे अर्थ-निर्माण के अपने प्रयास में संकल्पनाओं का वैकल्पिक निर्वचन करते हैं

**60.** कागज़ मोड़ने की गतिविधि के साथ, एक शिक्षक समांतर चतुर्भुज और त्रिभुज के क्षेत्रफलों के सम्बन्ध का चित्रण करने की कोशिश करती है । निम्नलिखित में से कौन-सा चरणों के रूपांतरण का सबसे अच्छा चित्रण करता है ?

(1)




चरण 1 2 3

(2)




चरण 1 2 3

(3)



चरण 1 2 3

(4)



चरण 1 2 3

**61.** विद्युत यंत्रों में बेकेलाइट का प्रयोग किया जाता है क्योंकि यह

(1) थर्मोप्लास्टिक है
(2) ऊष्मा का सुचालक है
(3) विद्युत का सुचालक है
(4) विद्युत का कुचालक है

**62.** गति के निम्न उदाहरणों में से किसमें तय की गई दूरी और विस्थापन के परिमाण बराबर हैं ?

(1) सीधी सड़क पर चलती हुई कार
(2) वृत्ताकार पथ पर चलती हुई कार
(3) दोलन करता हुआ दोलक
(4) सूर्य के गिर्द घूमती हुई पृथ्वी

**63.** घरों में प्रकाश स्रोत के रूप में LED और CFL दोनों का आमतौर पर प्रयोग किया जाता है । निम्न में से कौन-सा कथन सही है ?

(1) CFL बेहतर (अधिक अच्छा) है क्योंकि LED में विषैले पदार्थ होते हैं
(2) LED बेहतर (अधिक अच्छा) है क्योंकि CFL में विषैले पदार्थ होते हैं
(3) दोनों ही एकसमान अच्छे हैं
(4) दोनों में से कोई भी अच्छा नहीं है, क्योंकि दोनों में विषैले पदार्थ होते हैं

**64.** पानी के अंदर वायु का बुलबुला ____________ की तरह कार्य करता है ।

(1) अवतल लेन्स
(2) उत्तल लेन्स
(3) समतल-उत्तल लेन्स
(4) अवतल दर्पण

**65.** एक 5 ग्राम भार वाले पंख और एक 10 ग्राम भार वाली कील, दोनों में समान गतिज ऊर्जा है । दोनों वस्तुओं के संवेग के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन सही है ?

(1) हल्की वस्तु में अधिक संवेग होगा
(2) भारी वस्तु में अधिक संवेग होगा
(3) दोनों वस्तुओं में बराबर संवेग होगा
(4) दो वस्तुओं के संवेग की तुलना करना संभव नहीं है

66. यदि किसी द्रव पर दाब बढ़ता है, तो उसका क्वथनांक
(1) घटता है
(2) बढ़ता है
(3) परिवर्तित नहीं होता
(4) पहले घटता है और फिर बढ़ता है

67. एक डॉक्टर अति-अम्लता का उपचार करने हेतु एक दवाई देता है । इस दवाई में मुख्य संघटक (ingredient) है
(1) $Al(OH)_3$
(2) $MgCl_2$
(3) $CaCO_3$
(4) $Na_2CO_3$

68. अधातु ऑक्साइड
(1) प्रकृति में अम्लीय होते हैं
(2) प्रकृति में क्षारीय होते हैं
(3) प्रकृति में उभयधर्मी होते हैं
(4) लाल लिटमस पत्र को नीला कर देते हैं

69. खाद्य-पदार्थों के डिब्बों की आंतरिक सतह टिन से पुती होती है न कि जस्ते से क्योंकि
(1) जस्ता टिन से महँगा होता है
(2) जस्ता टिन से अधिक क्रियाशील होता है
(3) जस्ते का गलनांक टिन से अधिक होता है
(4) जस्ता टिन से कम क्रियाशील होता है

70. एक आदमी सुनार बनकर घर-घर जाता है और लोगों के पुराने स्वर्ण-आभूषणों की चमक फिर से लौटाने का वचन देता है । उस पर विश्वास करके एक महिला अपनी सोने की चूड़ियाँ उसे देती है जिन्हें वह एक घोल में डालता है । चूड़ियाँ तो चमक जाती हैं पर उनका भार काफी कम हो जाता है । इस धोखेबाज़ द्वारा प्रयोग किया गया घोल संभवतः हो सकता है
(1) तनु HCl
(2) सांद्र HCl
(3) सांद्र HCl और सांद्र $HNO_3$ का मिश्रण
(4) सांद्र $HNO_3$

71. घाव पर फिटकरी लगाने से रक्तस्राव रुक जाता है, क्योंकि
(1) फिटकरी का टुकड़ा घाव को ढक देता है
(2) फिटकरी रक्त को स्कंदित करके थक्का बना देती है
(3) फिटकरी घाव के आसपास तापमान को कम कर देती है
(4) फिटकरी एक पूतिरोधी है

72. जब एक लोहे की कील को कॉपर सल्फेट के विलयन में डुबाया जाता है, तो धीरे-धीरे कॉपर सल्फेट के विलयन का रंग हल्का पड़ जाता है और लोहे की कील पर एक भूरे रंग की परत जम जाती है । यह उदाहरण है
(1) संयोजन अभिक्रिया का
(2) विघटन अभिक्रिया का
(3) द्वि-विस्थापन अभिक्रिया का
(4) विस्थापन और रेडॉक्स अभिक्रियाओं का

73. सल्फ्यूरिक अम्ल को तनु बनाने के लिए अम्ल को पानी में डालने की सलाह दी जाती है, क्योंकि
(1) अम्ल का पानी की ओर गहरा आकर्षण है
(2) अम्ल काँच के बर्तन को तोड़ सकता है
(3) अम्ल को तनु बनाने की प्रक्रिया अत्यधिक ऊष्माक्षेपी है
(4) अम्ल को तनु बनाने की प्रक्रिया अत्यधिक ऊष्माशोषी है

74. मनुष्य का अँगूठा बाकी अंगुलियों की अपेक्षा अधिक स्वतंत्रता से गति करता है, क्योंकि इसमें उपस्थित होती है
(1) धुराग्र संधि
(2) ग्लाइडिंग संधि
(3) हिंज संधि
(4) सैडल संधि

75. मूल गोप (root cap) नहीं पाया जाता है
(1) मरुस्थलीय पौधों (मरुद्भिद्) में
(2) जलीय पौधों (जलोद्भिद्) में
(3) समोद्भिद् (मीज़ोफाइट) में
(4) लवणमृदोद्भिद् (हैलोफाइट) में

76. खाद्य-पदार्थों में अधिक मात्रा में नमक और चीनी डालकर उन्हें लंबे समय तक परिरक्षित किया जा सकता है । ऐसा इसलिए क्योंकि अधिक नमक और चीनी

(1) सूक्ष्मजीवी कोशिकाओं का द्रव्यकुंचन करते हैं
(2) के कारण सूक्ष्मजीवी कोशिकाएँ फट जाती हैं
(3) के कारण सूक्ष्मजीवी कोशिकाओं का आकार बदल जाता है
(4) खाद्य-पदार्थों से पानी निकाल देते हैं

77. हॉर्मोन ऐड्रिनलिन

(1) रक्त शर्करा के स्तर के नियंत्रण में सहायक होता है
(2) जब कोई बहुत गुस्से में होता है या चिंतित होता है तो यह तनाव के स्तर के समंजन में शरीर की सहायता करता है
(3) लम्बाई नियंत्रण में सहायता करता है
(4) शरीर के विद्युत्-अपघट्यों के संतुलन पर नियंत्रण रखने में सहायता करता है

78. ग्रीन-हाउस प्रभाव जिससे वायुमंडलीय तापमान बढ़ रहा है, का मुख्य कारण है

(1) ऑक्सीजन
(2) नाइट्रोजन
(3) कार्बन डाइऑक्साइड
(4) सल्फर

79. हरे पौधे दिन के समय कार्बन डाइऑक्साइड की बजाय वायुमंडल में ऑक्सीजन छोड़ते प्रतीत होते हैं, क्योंकि

(1) हरे पौधे रात के समय श्वसन नहीं करते
(2) हरे पौधे केवल रात के समय श्वसन करते हैं
(3) हरे पौधे दिन के समय श्वसन करते हैं पर रात के समय प्रकाश-संश्लेषण करते हैं
(4) दिन के समय प्रकाश-संश्लेषण की दर श्वसन की दर से अधिक होती है

80. पौधों की चालनी-नलिका कोशिकाओं और स्तनधारियों की लाल रक्त कोशिकाओं की संरचना में एक विशेष समानता है

(1) केन्द्रक की अनुपस्थिति
(2) हरितलवक की अनुपस्थिति
(3) कोशिका भित्ति की अनुपस्थिति
(4) हीमोग्लोबिन की उपस्थिति

**81.** अधिकतर शिक्षा बोर्ड ने पशुओं के विच्छेदन पर प्रतिबंध लगाया है, क्योंकि

(1) पशु विच्छेदन के लिए अब उपलब्ध नहीं हैं

(2) पशुओं को प्राप्त करना एक महँगा सौदा हो गया है

(3) पशुओं के प्रति क्रूरता को रोकने के लिए विद्यार्थियों को संवेदनशील करने की आवश्यकता है

(4) वे नए रोग फैला सकते हैं

**82.** गणित और विज्ञान ओलम्पियैड संचालित करने का मुख्य उद्देश्य है

(1) सृजनात्मकता और प्रयोगीकरण को प्रोत्साहित करके विषय में निपुणता को बढ़ावा देना

(2) विद्यार्थियों का उनकी योग्यताओं के अनुसार मूल्यांकन करना

(3) व्यावसायिक परीक्षाओं में विद्यार्थियों को उच्च अंक प्राप्त करने में सहायता करना

(4) उनके विद्यार्थियों के परिणामों पर विद्यालयों का आकलन करना

**83.** टी.जी.टी. (विज्ञान) के पद के लिए चार प्रत्याशियों को "वन काटने के परिणाम" पर एक-एक पाठ योजना बनाने के लिए कहा गया । निम्नलिखित में से कौन-सी पाठ योजना वैज्ञानिक उपागम प्रदर्शित करती है ?

(1) वन काटने के परिणामों को विस्तार से समझाती है

(2) इस सम्प्रत्यय को समझाने हेतु अनेक प्रकार के उदाहरण प्रस्तुत करती है

(3) ऐसे क्रियाकलाप सम्मिलित करती है जिन्हें बच्चे समूहों में कर सकें और पावरप्वाइंट प्रस्तुति करके निष्कर्ष निकालें

(4) सम्प्रत्यय विद्यार्थियों को समझाने के लिए ICT के प्रयोग की बात करती है

84. मिस पटेल, XYZ विद्यालय की प्राचार्या, अलग-अलग विषयों के शिक्षण के स्थान पर विज्ञान शिक्षण में एकीकृत उपागम का प्रयोग करना चाहती है । इसका आधार है

(1) उसके विद्यालय में अलग-अलग विषय पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं

(2) शिक्षकों को समय-सारणी में व्यवस्थित करने में कठिनाई आती है

(3) शिक्षार्थी अलग-अलग शिक्षकों के साथ समायोजन नहीं कर पाते

(4) सभी विषय आपस में जुड़े हुए हैं और शिक्षक उनकी पाठ्यचर्याओं के मध्य सम्बन्ध जोड़ सकते हैं

85. एक शिक्षक कक्षा-VI में "भोजन के तत्त्वों" को पढ़ाने की योजना बनाता है । निम्नलिखित में से किसे मुख्य प्रश्न के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है ?

(1) उन भोज्य पदार्थों की सूची बनाइए जिन्हें आपकी माँ आपको दोपहर के भोजन में परोसती है ।

(2) आपकी माँ विविधतापूर्ण भोज्य पदार्थों वाला भोजन क्यों देती है ?

(3) क्या आपकी माँ प्रतिदिन दोपहर को एक ही तरह के भोज्य पदार्थ तैयार करती है ?

(4) क्या आप प्रतिदिन दोपहर के भोजन के सभी भोज्य पदार्थों को खाते हैं ?

**86.** एक शिक्षक विद्यार्थियों को ''बल वस्तु की आकृति को परिवर्तित कर सकता है'' संकल्पना को पढ़ाने के लिए निम्नलिखित गतिविधियों की योजना बनाती है :

a. सामान्य रूप से अवलोकित उदाहरणों का प्रयोग करते हुए संकल्पना को स्पष्ट करना ।

b. विद्यार्थियों को एक प्लेट में गुंथा हुआ आटा देकर उसे हाथों से दबाने के लिए कहना ।

c. कुछ उदाहरणों के साथ संकल्पना को स्पष्ट करने वाली दृश्य-श्रव्य फिल्म दिखाना ।

शिक्षक सिखाने के लिए अलग-अलग उपागमों का प्रयोग करती है क्योंकि

(1) वह अपने ज्ञान को सिद्ध करना चाहती है

(2) वह जानती है कि उसे पाठ योजना के अनुसार चलना है

(3) वह विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए तैयार करना चाहती है

(4) कक्षा में विभिन्न प्रकार के शिक्षार्थी हैं और वह बहु-आयामी बौद्धिकता को संबोधित करना चाहती है

**87.** निम्न में से किसका आकलन हो सकता है जब गीता ''मनुष्य में पोषण'' विषय का केवल बहुविकल्पी प्रश्नों द्वारा मूल्यांकन कर रही है ?

(1) भोज्य पदार्थों को वर्गीकृत करने व पोस्टर बनाने के लिए विश्लेषण क्षमता

(2) भोजन सम्बन्धी आदतों से जुड़ी ग़लत अवधारणाएँ

(3) शिक्षार्थियों के ज्ञान को प्रयोग करके रोल-प्ले तैयार करके प्रार्थना सभा में प्रस्तुत करने की क्षमता

(4) भोज्य अवयवों के महत्त्व को समझने की शिक्षार्थियों की क्षमता व उस पर एक लंबा निबन्ध लिखने की क्षमता

88. एक विज्ञान-शिक्षक कक्षा-VI के विद्यार्थियों को "हवा के गुण" पढ़ाने के लिए समूहों में क्रियाकलाप करवाने की योजना बनाती है । वह समूहों का नेतृत्व करने वाले विद्यार्थियों का चयन किन गुणों के आधार पर करेगी ?

(1) भूमिका चयन करने की स्वतंत्रता, अपनी गति से कार्य करना और समझना

(2) विद्यार्थियों को भूमिका करने का आदेश देना और उनकी अपनी समझ के अनुसार कार्य करवाना

(3) मुख्य भूमिकाएँ होशियार विद्यार्थियों को देकर सुनिश्चित कर लेना कि उनका समूह सबसे पहले कार्य कर लेगा

(4) योग्यता अनुसार भूमिका देना, प्रोत्साहित करना व सभी समूह सदस्यों के साथ समन्वय बनाए रखना

89. विज्ञान की कक्षा में विद्यार्थियों में शोध कार्य से सम्बन्धित दक्षताओं का विकास करने हेतु कार्य का चुनाव करते हुए एक शिक्षक पाठ का चुनाव करेगा

(1) पाठ्यक्रम में दी गई पाठ्यसामग्री में से जिसे एक निर्धारित समय में पूरा करना है

(2) जिसे कक्षा के अधिकतर विद्यार्थी पसंद करें

(3) जिसे वह सोचती है कि विद्यार्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण है

(4) जो विद्यार्थियों के दैनिक जीवन से सम्बन्धित समस्या हो और उस कक्षा के पाठ्यक्रम का भाग भी हो

90. 'पानी बीजों के अंकुरण को कैसे प्रभावित करता है,' पता लगाने के लिए शिक्षक ने विद्यार्थियों को सेम के बीज रुई की परत पर भिगो कर कुछ दिन रखने के लिए और उनमें परिवर्तन देखने के लिए कहा । वह कौन-सी एक महत्त्वपूर्ण सलाह देना भूल गई ?

उनको निम्न प्रकार से रखना :

(1) बहुत सारे बीज गीली रुई पर

(2) थोड़े बीज गीली रुई पर

(3) बहुत सारे बीज सूखी रुई पर

(4) थोड़े बीज सूखी रुई पर

***परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग II (गणित व विज्ञान) या भाग III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।***

## भाग III
## (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान)

***निर्देश :*** *नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़ने के उपरांत अगले तीन प्रश्नों (प्र. सं. 31 से 33) के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

**एक चिट्ठी आपके नाम**

"शायद आपने अपने छात्र-छात्राओं या बच्चों को कहते सुना होगा कि 'नागरिक शास्त्र बड़ा बोरिंग है ।' हो सकता है कि आपको भी लगता हो कि बात में दम है । अपने देश में नागरिक शास्त्र के पाठ्यक्रम में शासन की औपचारिक राजनीतिक संस्थाओं की जानकारी पर ज़ोर रहा है । पाठ्य-पुस्तकों में संवैधानिक, कानूनी पेचीदगियों के नीरस और उबाऊ ब्यौरे भरे रहते हैं । ज़ाहिर है, ऐसे में बच्चा जो कुछ अपने वास्तविक जीवन में देखता है और जो बातें किताबों में पढ़ता है, उनके बीच ***तालमेल नहीं बैठा पाता*** । शायद इसी कारण हमारे किशोर-किशोरियों को नागरिक शास्त्र की पढ़ाई 'बोरिंग' लगती है जबकि वास्तव में स्थिति यह है कि हमारे देश के नागरिकों की राजनीति में भागीदारी और रुचि बहुत गहरी है ।"

*स्रोत : लोकतांत्रिक राजनीति-I*
*IX सामाजिक विज्ञान*

**31.** इस अनुच्छेद में ***'तालमेल नहीं बैठा पाता'*** वाक्यांश किस संदर्भ में प्रयुक्त हुआ है ?

(1) विद्यालयों में नागरिक शास्त्र का शिक्षण नीरस है

(2) वास्तविक जीवन में क्या होता है और पाठ्य-पुस्तकों में वे क्या पढ़ते हैं – बच्चे इनमें सम्बन्ध नहीं जोड़ पाते

(3) यह इससे सम्बन्धित है कि नागरिक शास्त्र की पाठ्य-पुस्तकें किस प्रकार लिखी और प्रयोग में लाई जाती हैं

(4) सामान्यतः विद्यालयी शिक्षा और विशेष रूप से नागरिक शास्त्र के प्रति विद्यार्थियों की अभिवृत्ति से सम्बद्ध है

**32.** नागरिक शास्त्र के पाठ्यक्रमों को कक्षा में संपादित करने के लिए सबसे बेहतर शिक्षा-शास्त्रीय अभ्यास को निम्नलिखित में से कौन-सा दर्शाता है ?

(1) शिक्षिका समस्त बातों को विस्तार से समझाते हुए नागरिक शास्त्र की पूरी पाठ्य-पुस्तक पढ़ाती है और विद्यार्थियों को भली प्रकार से तैयार करती है ।

(2) शिक्षिका किस्सों और लघु कथाओं से जोड़ते हुए विषय को रोचक बनाती है लेकिन पाठ्य-पुस्तक और व्याख्यान पद्धति में उसका दृढ़ विश्वास है ।

(3) शिक्षिका अत्यंत सतर्कता से पाठ-योजना का पालन करती है और नोट्स बनाने के लिए अनेक संदर्भ पुस्तकों का प्रयोग करती है ।

(4) शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को युवा संसद में शामिल करती है और वास्तविकता में वे क्या देखते हैं, इसके साथ पाठ्य-पुस्तक में दी गई विषय-वस्तु का आलोचनात्मक विश्लेषण करने के लिए प्रेरित करती है ।

**33.** नागरिक शास्त्र की पाठ्य-पुस्तकों में विषय-वस्तु की 'नीरस और उबाऊ' प्रस्तुति को शिक्षक ________ के द्वारा जीवंत बना सकता है ।

(1) वास्तविक जीवन के उदाहरण और किस्सों पर वाद-विवाद और चर्चा

(2) अमूर्त पक्षों पर कम महत्त्व देने

(3) नीरस अवधारणाओं की विस्तृत और स्पष्ट व्याख्या

(4) कठिन अवधारणाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए लघु परीक्षाओं की सहायता

**34.** जल संरक्षण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***ग़लत*** है ?

(1) जल अ-नवीकरणीय संसाधन है ।

(2) वन अथवा वनस्पति आवरणों के द्वारा भूमिगत जल के स्तर को सुधारा जा सकता है ।

(3) पृष्ठीय प्रवाह को नियंत्रित करना जल संरक्षण के तरीकों में से एक है ।

(4) स्प्रिंक्लर वाष्पीकरण को प्रभावी तरीके से नियंत्रित करते हैं ।

**35.** लगभग 3900 वर्ष पूर्व, आरंभिक नगर हड़प्पा और मोहनजोदड़ो, कई कारणों से समाप्ति की कगार पर आने लगे । निम्नलिखित में से कौन-सा उन कारणों में से एक कारण ***नहीं*** है ?

(1) नगरों के बीच आपसी प्रतिद्वंद्विता और लड़ाई

(2) जंगलों के विनाश और बाढ़ के कारण नगर नष्ट हुए

(3) मवेशियों के बड़े-बड़े झुंडों द्वारा चारागाह और घास वाले मैदानों को चराने से मृदा आवरण नष्ट हो गया

(4) नदियाँ सूख गईं जिसके कारण नगर समाप्त हुए

**36.** ज़्यादातर 'महाजनपदों' की मज़बूत किलेबंदी थी, क्योंकि

(1) इनके आस-पास लकड़ी, ईंटों या पत्थरों की उपलब्धि थी

(2) वे इनकी समृद्धि और शक्ति को प्रदर्शित करते थे

(3) शासकों को आक्रमण का भय था और वे स्वयं की रक्षा को सुनिश्चित करना चाहते थे

(4) ये उनके 'समृद्ध' योद्धा परंपराओं के प्रतीक थे

**37.** यदि जून में लंदन में सुबह 10:00 बजे हैं, तो भारतीय मानक समय होगा दोपहर


(1) 2:30 बजे

(2) 3:00 बजे

(3) 3:30 बजे

(4) 2:00 बजे

38. निम्नलिखित आरेख में कौन-सा तीर दक्षिण-पूर्व दिशा को दर्शाता है ?




(1) D

(2) B

(3) F

(4) H

39. एक मानचित्र एक ऐसे पैमाने का प्रयोग करता है जिसमें मानचित्र में 1 cm धरती पर 20 मीटर के बराबर है । यदि मानचित्र पर दो स्थानों के बीच की दूरी 5 cm हो, तो उनके बीच की वास्तविक दूरी कितनी होगी ?

(1) 20 मीटर

(2) 150 मीटर

(3) 200 मीटर

(4) 100 मीटर

40. भारत में प्रभावी प्रशासनिक प्रथा विकसित करने के लिए ब्रिटिश सरकार ने निम्नलिखित में से किसे अपनाया ?

(1) सैन्य अभियान

(2) सर्वेक्षण करने की प्रथा

(3) भू-राजस्व संग्रह करने की प्रथा

(4) स्थानीय जनसंख्या का शोषण करने की प्रथा

41. नील खेती की दो मुख्य प्रणालियाँ थीं

(1) निज और किज

(2) निज और रैयती

(3) खरीफ और रबी

(4) निज और सीढ़ीनुमा खेती

42. ब्रिटिश शासन के अंतर्गत स्थानांतरीय कृषकों को कौन-सी समस्याओं का सामना करना पड़ा ?

(1) शोषण

(2) उनके कृषि-उत्पादन में गिरावट आई

(3) उनकी गतिविधि प्रतिबंधित हो गई थी

(4) बेरोज़गारी

43. गज़नी के सुलतान महमूद द्वारा सोमनाथ मंदिर को नष्ट करने के पीछे कौन-सा मुख्य कारण था ?

(1) वह वहाँ एक महल बनाना चाहता था

(2) उसे मंदिर की वास्तुकला पसंद नहीं थी

(3) उसने इस्लाम के महान् नायक के रूप में श्रेय लेने की कोशिश की

(4) वह किसी अन्य उद्देश्य के लिए मंदिर का प्रयोग करना चाहता था

44. मध्यकालीन भारत में मंदिरों को ____________ के केंद्र के रूप में माना जाता था ।

(1) वास्तुकला

(2) सांस्कृतिक गतिविधियों

(3) बड़े पैमाने पर विदेशी व्यापार

(4) सूफ़ी आंदोलन

45. बंगाल में, ____________ प्रायः उन व्यक्तियों अथवा समूहों द्वारा मंदिरों और अन्य धार्मिक भवनों का निर्माण करवाया गया जो शक्तिशाली बन रहे थे ।

(1) यह सुनिश्चित करने के लिए कि उन्होंने अच्छे *'कर्म'* किए हैं

(2) समाज में अद्भुत वास्तुकला का प्रदर्शन करने के लिए

(3) परिवेश का महत्त्व बढ़ाने के लिए

(4) अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए, अपनी धर्मपरायणता घोषित करने तथा अनुयायी बनाने के लिए

46. संरचना और व्यवहार की वह प्रणाली जिसमें पुरुष स्त्री पर अपनी प्रधानता दिखाता है, उसे उत्पीड़ित और शोषित करता है ____________ कहलाती है ।

(1) पदानुक्रमिक

(2) फ़ासीवाद

(3) राजतंत्र

(4) पितृसत्तात्मक

47. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सामाजिक विज्ञापन का उद्देश्य ***नहीं*** है ?

(1) चूँकि व्यक्ति अन्य व्यक्तियों को प्रभावित करते हैं इसलिए उनकी अभिवृत्ति और मानसिक धारणा को बदलना

(2) सामाजिक तंत्रों और सामाजिक समूहों को लक्ष्य बनाना

(3) व्यक्तिगत वाणिज्यिक लाभ के लिए सामाजिक तंत्रजाल वाली साइटों (Sites) पर उत्पादों का विज्ञापन देना

(4) जन साधारण के सदस्यों को ऐच्छिक सामाजिक गतिविधियों में व्यस्त रहने हेतु अभिप्रेरित करना

48. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन *'प्रशस्ति'* के बारे में ***ग़लत*** है ?

(1) *'प्रशस्ति'* में शासक या राजा की उपलब्धियों का वर्णन किया जाता था ।

(2) राजा की प्रशंसा करने तथा उनका संरक्षण पाने के उद्देश्य से ये ज्ञानी/कवि/विद्वान व्यक्ति द्वारा लिखी जाती थीं ।

(3) प्रायः राजा इन्हें स्वयं लिखा करते थे ।

(4) ये जिस काल से सम्बन्धित हैं उस काल के इतिहास के मूल्यवान स्रोत हैं ।

**49.** PHC का क्या अर्थ है ?

(1) प्राइवेट हेल्थ सेंटर

(2) पब्लिक हेल्थ कोर्ट

(3) पब्लिक हेल्थ सेंटर

(4) पब्लिक हेल्थ कॉर्पोरेशन

**50.** निम्नलिखित में से कौन-सी प्राथमिक आर्थिक गतिविधि ***नहीं*** है ?

(1) खनन

(2) कृषि

(3) व्यापार

(4) मछली पालन

**51.** उद्योगपति उद्योग स्थापित करते हैं जब

(1) वे अपने मूल स्थान को विकसित कर सकें

(2) वे अनुकूल सरकारी नीतियाँ पाते हैं

(3) कस्बे विकसित हो सकें

(4) सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रोत्साहन (incentives) से उनका लाभ कम हो

**52.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'बाज़ार' शब्दावली की व्याख्या करता है ?

(1) एक स्थानीय जगह जहाँ उद्योग स्थापित करने की अनुकूलित/प्रेरक स्थितियाँ होती हैं

(2) एक दुकान जहाँ उद्योगपति द्वारा निर्मित वस्तुएँ बेची जाती हैं

(3) एक उद्योग द्वारा उत्पादित एक ख़ास किस्म की वस्तु का संभावी व्यापार

(4) एक मॉल जो उत्पाद बेचता है

53. 'औद्योगीकरण' को पढ़ाने के लिए चार अलग शिक्षिकाओं द्वारा प्रदर्शित निम्नलिखित शिक्षाशास्त्रीय उपागमों में से कौन-सा सबसे उचित है ?

(1) शिक्षिका का विश्वास है कि उसे औद्योगीकरण की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाना चाहिए और कक्षा में प्रचुर मात्रा में सामान लाना चाहिए

(2) शिक्षिका कक्षा को चुपचाप पूरा पाठ पढ़ने के लिए और यदि उन्हें कुछ समझ नहीं आया तो प्रश्न पूछने के लिए कहती है

(3) शिक्षिका पाठ्य-पुस्तक की समयातीत महत्ता में विश्वास करती है और वह प्रत्येक शब्द की व्याख्या करते हुए तथा विद्यार्थियों से बोध प्रश्न पूछते हुए पढ़ाती है

(4) शिक्षिका शिक्षाशास्त्र के बहु-उपागमों से परिचित है और वह अवधारणाओं को प्रदर्शित करने के लिए नज़दीकी क्षेत्र के उद्योग का भ्रमण कराने की योजना बनाती है, समूहों में मुद्दों पर चर्चा और वाद-विवाद करवाती है और बाद में पूर्ण रूप से उपसंहार करते हुए निष्कर्ष निकालती है

54. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'प्राचीन हस्तलिपि' के संदर्भ में सही ***नहीं*** है ?

(1) कुछ हस्तलिपियाँ पत्थर या धातु पर उकेरी गई थीं

(2) वे प्रायः ताड़-पत्रों पर लिखी हुई थीं

(3) वे जिस काल को प्रदर्शित करती हैं उस काल का मुख्य स्रोत हैं

(4) वे हस्तलिखित थीं और उसके बाद मुद्रित की गई थीं

55. 19वीं शताब्दी के मध्य में, ब्रिटिश इतिहासकारों ने भारत के इतिहास को तीन कालों में बाँटा है — हिन्दू भारत, मुस्लिम भारत और ब्रिटिश भारत । इस विभाजन का क्या आधार है ?

(1) यह याद करने में सुविधाजनक और सरल है

(2) यह इस विचार पर आधारित है कि शासकों का धर्म एक महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक परिवर्तन था

(3) इंग्लैंड का इतिहास भी इसी रूप में लिखा गया है

(4) ब्रिटिश लोग समझते थे कि वे इतिहास के उस बिन्दु पर सर्वाधिक ज्ञानवान थे और इसलिए उन्होंने इस विभाजन का प्रयोग किया

56. निम्नलिखित का मिलान कीजिए और सही विकल्प चुनिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | कृषि | I. | अंगूरों की खेती |
| b. | उद्यान कृषि | II. | फसल उगाना और खेती करना |
| c. | मत्स्य पालन | III. | फूल, फल और सब्जियाँ उगाना |
| d. | द्राक्षा कृषि | IV. | मछली पालना |

(1) a-I, b-IV, c-II, d-III

(2) a-II, b-III, c-IV, d-I

(3) a-III, b-II, c-I, d-IV

(4) a-II, b-IV, c-III, d-I

57. 19वीं शताब्दी के दौरान किस विकास ने बड़े पैमाने पर सामाजिक रीति-रिवाज़ और व्यवहार के बारे में वाद-विवाद तथा चर्चाओं को सुगम बनाया ?

(1) पत्रिकाएँ

(2) रंगमंच

(3) चलचित्र (movies)

(4) रेडियो

58. राजा राम मोहन राय जैसे समाज सुधारक स्त्रियों के विरुद्ध प्रचलित सामाजिक अन्याय (जैसे सती होना) के बारे में प्रचार-प्रसार के लिए निम्नलिखित में से किस युक्ति का प्रयोग करते थे ?

(1) वे लोकप्रिय सामाजिक वातावरण की सहायता लेते थे

(2) वे सरकार के प्रभाव का प्रयोग करते थे

(3) अपनी सोच को सिद्ध करने के लिए प्राचीन धार्मिक पाठों में से श्लोक या वाक्य का प्रयोग करते थे

(4) वे लोकप्रिय राष्ट्रवादी नेताओं की सहायता लेते थे

***निर्देश :*** *नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़ने के उपरांत अगले दो प्रश्नों (प्र. सं. 59 तथा 60) के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

"उन्नीसवीं सदी के आख़िर तक खुद महिलाएँ भी सुधारों के लिए बढ़-चढ़ कर प्रयास करने लगी थीं । उन्होंने किताबें लिखीं, पत्रिकाएँ निकालीं, स्कूल और प्रशिक्षण केंद्र खोले तथा महिलाओं को संगठित किया । बीसवीं सदी की शुरुआत से वे महिलाओं को मताधिकार, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ और शिक्षा के अधिकार के बारे में कानून बनवाने के लिए राजनीतिक दबाव समूह बनाने लगी थीं । सभी समुदायों से महिलाओं ने 1920 के दशक के बाद विभिन्न प्रकार के राष्ट्रवादी और समाजवादी आंदोलनों में हिस्सा भी लिया ।

बीसवीं शताब्दी में, जवाहरलाल नेहरू और सुभाषचंद्र बोस जैसे नेताओं ने महिलाओं के लिए और अधिक स्वतंत्रता व समानता की माँगों का समर्थन किया । राष्ट्रवादी नेताओं ने आश्वासन दिया कि स्वतंत्रता मिलने पर सभी पुरुषों व महिलाओं को वोट डालने का अधिकार दे दिया जाएगा । परंतु उनका आह्वान था कि जब तक स्वतंत्रता नहीं मिल जाती तब तक महिलाओं को अंग्रेज़ी राज विरोधी संघर्ष में ही ज़ोर लगाना चाहिए ।"

*स्रोत : 'हमारे अतीत'-III, भाग-II*

**59.** भारत के राष्ट्रीय आंदोलनों के नेताओं द्वारा प्रयुक्त रणनीति से सम्बन्धित ऊपर दिए गए सारांश के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे **बेहतर** निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

(1) स्त्रियों की भागीदारिता स्वतंत्रता-संघर्ष को और अधिक आकर्षक बनाएगी

(2) स्त्रियों और पुरुषों को 'लेन-देन' की नीति का अनुपालन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया

(3) भारतीय महिलाएँ अपने भाषणों द्वारा अनेक लोगों को आंदोलन में शामिल कर सकती थीं

(4) राष्ट्रवादी नेताओं ने महिलाओं को उनके अधिकार दिलवाने के लिए समर्थन माँगा और वादा किया कि स्वतंत्रता के बाद उन्हें वोट देने का अधिकार दिलवाएँगे

**60.** महिलाओं के अधिकारों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन दिए गए अनुच्छेद के आधार पर ***ग़लत*** है ?

(1) अब महिलाओं ने अपने राजनीतिक अधिकारों सहित अपने अधिकारों की माँग के लिए आवाज़ उठाई

(2) स्वतंत्रता-संघर्ष से जुड़ने के लिए सभी समुदायों से अनेक महिलाएँ आगे आईं

(3) महिलाओं को राष्ट्रवादी नेताओं का समर्थन प्राप्त हुआ

(4) महिलाओं के लेखन को सराहा नहीं गया

61. "19वीं शताब्दी के दौरान अधिकतर शिक्षित महिलाओं को स्कूल भेजने के बजाय उनके उदारवादी पिताओं तथा पतियों ने उन्हें स्कूल भेजने की बजाय घर पर पढ़ाया ।"

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उपर्युक्त प्रचलन का सही कारण ***नहीं*** है ?

(1) लोगों को भय था कि स्कूल लड़कियों को घर से दूर ले जाएँगे

(2) लड़कियों को घर पर पढ़ाने में पुरुषों को बहुत खुशी होती थी

(3) लड़कियों को स्कूल पहुँचने के लिए सार्वजनिक स्थानों से गुज़रते हुए यात्रा करनी पड़ती थी और उनकी सुरक्षा एक चिंता थी

(4) उस समय इस बात का डर था कि स्कूल लड़कियों को घरेलू कार्य करने से रोकेगा

62. खनन को प्राथमिक क्रियाकलाप क्यों कहा जाता है ?

(1) इसमें भूमि के प्राकृतिक संसाधनों से उत्पादन शामिल है

(2) यह मानवीय क्रियाकलापों के सबसे आरम्भिक रूपों में से एक है

(3) इससे सरकार को बहुत अधिक धन मिलता है

(4) यह कर्मचारियों की सबसे अधिक नियुक्ति करने वाला है

63. निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज ***नहीं*** है ?

(1) पेंसिल में विद्यमान ग्रैफ़ाइट

(2) भोजन पकाने में इस्तेमाल होने वाला नमक

(3) गहनों में प्रयुक्त सोना और चाँदी

(4) रोधन के लिए प्रयुक्त अभ्रक

64. स्वतंत्रता के तुरंत बाद भारत द्वारा निम्नलिखित में से किस समस्या का सामना ***नहीं*** किया गया ?

(1) भारत, पाकिस्तान और ग्रेट ब्रिटेन में समान रूप से संपदा और कर्ज़ का बँटवारा

(2) राजाओं द्वारा शासित राज्यों को भारतीय संघ में सम्मिलित करने का प्रयास

(3) आर्थिक विकास

(4) पाकिस्तान से आने वाले शरणार्थी

**65.** हालाँकि भारत ने स्वतंत्र होने के बाद सार्वभौम वयस्क मताधिकार की प्रक्रिया का चयन किया, कुछ मानदंडों के आधार पर कुछ संप्रभु राष्ट्रों में इसे रोक लिया गया। निम्नलिखित में से कौन-सा उन मानदंडों में से एक ***नहीं*** है ?

(1) शिक्षा
(2) धर्म
(3) लिंग
(4) संपत्ति

**66.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'मिश्रित अर्थव्यवस्था' के सार को स्पष्ट करता है ?

(1) आर्थिक विकास के लिए राज्य और केंद्र, दोनों के द्वारा उत्तरदायित्वों का बँटवारा
(2) उत्पादन बढ़ाने और रोज़गार पैदा करने में सार्वजनिक और निजी सेक्टर, दोनों महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं
(3) अर्थव्यवस्था से प्राप्त लाभ को सार्वजनिक और निजी सेक्टर, दोनों द्वारा समान रूप से बाँटना
(4) देश की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने वाले कानून बनाने में केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की सुनवाई होना

**67.** निम्नलिखित में से कौन-सी 'स्थलमंडल' की विशेषता ***नहीं*** है ?

(1) पृथ्वी का 97% जल स्थलमंडल में पाया जाता है
(2) स्थल-आकृतियाँ महासागर की सतह पर भी पाई जाती हैं
(3) इस मंडल में खनिज संपदा भी पाई जाती है
(4) पहाड़, पठार और घाटियाँ मिलकर स्थलमंडल का निर्माण करती हैं

**68.** अपने ग्रह 'पृथ्वी' के बारे में निम्नलिखित में से क्या ***नहीं*** कहा जा सकता ?

(1) यह पूर्णतः गोल है
(2) यह ध्रुवों के पास थोड़ी चपटी है
(3) इसके बीच में उभार होता है
(4) इसे 'नीला ग्रह' कहा जाता है

**69.** महासागर का जल तालाब और झील के शांत जल के विपरीत लगातार गतिमान रहता है। निम्नलिखित में से कौन-सा जल का प्रवाह या गति ***नहीं*** है ?

(1) तरंगें
(2) जल चक्र
(3) ज्वार-भाटा
(4) धाराएँ

70. निम्नलिखित में से कौन-सा उच्च ज्वार के कारण होने वाला लाभ ***नहीं*** है ?
(1) यह मछली पकड़ने में सहायक होते हैं
(2) इनसे विद्युत् उत्पन्न की जा सकती है
(3) पर्यटकों को लाने के द्वारा यह स्थानीय अर्थव्यवस्था में सहायक होते हैं
(4) नौसंचालन सरल होता है

***निर्देश :*** *नीचे दिए गए केस-अध्ययन को पढ़ने के उपरांत अगले दो प्रश्नों (प्र. सं. 71 तथा 72) के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

रश्मि जिन लोगों से पहली बार मिलती है उनसे उनका उपनाम पूछने की उसकी आदत है । उसे भारतीय समाज की *वर्ण*-व्यवस्था में उस सम्बन्धित व्यक्ति को रखना होता है । जाति पहचान के बारे में पूछने पर लोगों में बहुत नाराज़गी थी हालाँकि उन्होंने प्रकट रूप से इसे अभिव्यक्त नहीं किया । चीज़ें तब और जटिल हो जाती हैं जब वह भारत के किसी दूसरे हिस्से या क्षेत्र के व्यक्ति से मिलती है । यदि व्यक्ति अपना उपनाम भी बता देता, वह उसके जाति स्तर के बारे में पता नहीं लगा पाती । 'दुनिया को देखने का रश्मि का यह नज़रिया' उसके अनुसार उसके शिक्षण-अधिगम संपादन प्रक्रिया को प्रभावित नहीं करता । वह कहती है कि यह उसके प्राथमिक समाजीकरण का एक हिस्सा है और वह इसमें कुछ नहीं कर सकती ।

71. प्राथमिक समाजीकरण है
(1) प्राथमिक स्तर पर सामाजिक संपर्क
(2) शुरुआती उम्र में परिवार और मित्रों से सीखना
(3) किशोरावस्था के दौरान समाज से सीखना
(4) याद करना और शिक्षकों का अनुकरण करना

72. रोष/नाराज़गी उचित है क्योंकि शिक्षिका की अभिवृत्ति
(1) समाजीकरण की आवश्यकता को उजागर करती है
(2) विशुद्ध रूप से व्यक्तिगत पूर्वाग्रहों पर आधारित है
(3) इसका साफ़ संकेत है कि इसमें पैदा हुई रूढ़िबद्धताएँ गलत नहीं हैं
(4) सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक असमानताओं को जारी/क़ायम रखती है

**73.** 19वीं शताब्दी के दौरान ज्यादातर लोगों को लगता था कि शिक्षा से स्त्रियाँ 'बिगड़' जाएँगी ।

उपर्युक्त वाक्य में 'बिगड़' जाना शब्द का संदर्भगत अर्थ बताने वाला निम्नलिखित में से कौन-सा कथन है ?

(1) स्त्रियाँ पुरुषों की तुलना में ज़्यादा बिगड़ी हुई थीं

(2) यह उन्हें और अधिक धन देगा

(3) शिक्षा के कारण उन्हें जो शक्ति मिलती उसके कारण वे अपनी पारंपरिक भूमिकाओं से दूर हो जातीं

(4) वे अपवित्र हो जाएँगी

**74.** एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को निम्नलिखित अभ्यास देती है :

कल्पना कीजिए कि आप ख़ानाबदोश समुदाय के सदस्य हैं जो हर तीन महीने के उपरांत अपना रहने का स्थान बदलती है । यह आपके जीवन को किस प्रकार परिवर्तित करेगा ?

(1) यह प्रश्न यह सिद्ध करेगा कि विद्यार्थी का जीवन उस तरह की स्थितियों में जीने वाले व्यक्तियों की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और आनंदमय है

(2) यह प्रश्न विद्यार्थियों को कम अहमवादी बनाएगा तथा सार्वभौमिक भाईचारे को बढ़ावा देगा

(3) यह प्रश्न विद्यार्थियों पर बल देगा कि सामाजिक विज्ञान में मनन से ज़्यादा तथ्य महत्त्वपूर्ण होते हैं

(4) यह प्रश्न विद्यार्थियों को इसमें शामिल अवधारणाओं को बेहतर रूप से समझने के लिए नई परिस्थितियों में स्वयं को रखने में सहायता करेगा

***निर्देश :*** *नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़ने के उपरांत अगले दो प्रश्नों (प्र. सं. 75 तथा 76) का उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

> "सामाजिक विज्ञान के बारे में यह आम धारणा है कि यह एक अनुपयोगी विषय है । इसके परिणामस्वरूप निम्न स्वाभिमान कक्षा-संपादन को प्रभावित करता है, इसकी विषय-वस्तु को समझने में शिक्षक और विद्यार्थी दोनों में ही रुचि नहीं होती । विद्यालयी चरणों के आरंभ से ही प्रायः विद्यार्थियों को यह सुझाव दिया जाता है कि प्राकृतिक विज्ञान सामाजिक विज्ञानों की अपेक्षा श्रेष्ठ हैं ।"
>
> *स्रोत : एन.सी.एफ. – 2005,*
> *सामाजिक विज्ञानों का शिक्षण*

**75.** उपर्युक्त सारांश में प्रयुक्त 'अनुपयोगी विषय' का संदर्भ क्या है ?

(1) सामाजिक विज्ञान के पास मानव सभ्यता में सुधार के लिए कुछ नहीं है

(2) सामाजिक विज्ञान का अध्ययन करने से अच्छा पैसा देने वाली नौकरियाँ और भौतिक संपदा प्राप्त नहीं होगी

(3) सामाजिक विज्ञान एक विषय है जो इसकी उपयोगिता के लिए नहीं सीखा जाता

(4) सामाजिक विज्ञान एक नीरस और कठिन विषय है जिसका शिक्षकों या शिक्षार्थियों के लिए कोई उपयोग नहीं है

**76.** निम्नलिखित में से कौन-सा उपर्युक्त सारांश के सार को सबसे बेहतर तरीके से संप्रेषित करता है ?

(1) जिस तरह से विद्यार्थियों को सामाजिक विज्ञान पढ़ाया जाता है, वह उन्हें सामाजिक विज्ञान को गंभीरता से लेने में उत्साही नहीं बनाता

(2) प्राकृतिक विज्ञानों को विद्यालयी पाठ्यचर्या में महत्त्व देने की आवश्यकता है

(3) जो विद्यार्थी प्राकृतिक विज्ञानों में अच्छे समझे जाते हैं उन्हें होशियार माना जाता है

(4) चूँकि सामाजिक विज्ञान अनुपयोगी विषय हैं इसलिए वे प्राकृतिक विज्ञानों से हीन हैं

**77.** सामाजिक विज्ञान के शिक्षण-अधिगम में भाषा की सार्थकता पर अधिक बल देने की आवश्यकता ज्ञात है ।

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उपर्युक्त विचार को संप्रेषित ***नहीं*** करता ?

(1) भाषा-प्रयोग और अर्थ की प्रभावी समझ सामाजिक विज्ञान अधिगम को संवर्धित करता है

(2) सामाजिक विज्ञान जैसे तथ्य-उन्मुखी विषय में भाषा की सार्थकता सबसे कम होती है

(3) सामाजिक विज्ञान की शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के प्रति केवल भाषा-शिक्षक ही न्याय कर सकते हैं

(4) चूँकि भाषा महत्त्वपूर्ण है अतः सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को सामाजिक विज्ञान की परीक्षाओं में अवबोधन और व्याकरण के प्रश्न शामिल करने चाहिए

**78.** सामाजिक विज्ञान के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***ग़लत*** है ?

(1) सामाजिक विज्ञान में ऐतिहासिक, भौगोलिक, आर्थिक और राजनैतिक आयामों से लेकर समाज के विविध सरोकार शामिल होते हैं

(2) सामाजिक विज्ञान स्वतंत्रता, विविधता के प्रति सम्मान, आदि जैसे मानवीय मूल्यों का निर्माण एवं विस्तार करता है

(3) चूँकि सामाजिक विज्ञान मनुष्यों से संबद्ध है, इसलिए उनकी खोज की प्रकृति वैज्ञानिक नहीं है

(4) सामाजिक विज्ञान विश्लेषणात्मक और सृजनात्मक सोच के लिए नींव रखता है

**79.** मौखिक इतिहास को लिखने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी स्रोत-सामग्री ***नहीं*** है ?

(1) उन व्यक्तियों के घटना-वृत्तांत जिन्होंने 'भारत छोड़ो आंदोलन' में हिस्सा लिया था

(2) सैन्य विद्रोह के बारे में एक ब्रिटिश सैनिक का मौखिक वर्णन

(3) उस व्यक्ति की स्मृतियाँ जो विभाजन के समय भारत से पाकिस्तान गया था

(4) एक विद्वान जो वर्तमान शिक्षा-व्यवस्था पर बात करता है

**80.** लेखकों द्वारा अभिव्यक्त एन.सी.ई.आर.टी. की इतिहास की पाठ्य-पुस्तक के शीर्षक 'हमारे अतीत' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(1) यह पड़ोसी देशों के अतीत के बारे में है

(2) यह केवल राजाओं और रानियों के समय के बारे में बात नहीं करता

(3) यह किसान और शिल्पकारों जैसे कई समूहों और समुदायों के योगदान को बताने की कोशिश है

(4) यह इस विचार पर बल देता है कि भारत का केवल 'एक अतीत' नहीं बल्कि 'अनेक अतीत' हैं

**81.** नीचे दिया गया प्रश्न पाठ के अंत में 'आओ चर्चा करें' शीर्षक के अंतर्गत दिया गया है :

'आपके विचार में साधारण पुरुष तथा स्त्री अपने कार्यों का विवरण सामान्यतया क्यों नहीं रखते थे ?'

इस प्रश्न को पूछने की सार्थकता क्या है ?

(1) इस प्रकार के प्रश्न अनुमान लगाने को प्रोत्साहित करते हैं इसलिए इन्हें नहीं देना चाहिए

(2) साधारण स्त्री-पुरुष साधारण जीवन जीते थे । उनके पास ऐसा कुछ महान या महत्त्वपूर्ण/सार्थक नहीं था जिसके बारे में वे लिखते

(3) यह अच्छा है कि चर्चा प्रारंभ की जाए और विद्यार्थी अपने तर्क प्रस्तुत करें

(4) वे प्रश्न जिनके तयशुदा उत्तर नहीं हैं उन्हें नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि ये प्रश्न विद्यार्थियों को भ्रमित करेंगे

**82.** इनमें से कौन-से प्रश्न विद्यार्थियों में आलोचनात्मक (तार्किक) चिंतन को विकसित ***नहीं*** करेंगे ?

(1) बंद-उत्तर वाले प्रश्न

(2) मुक्त-उत्तर वाले प्रश्न

(3) अन्वेषणात्मक (प्रोबिंग) प्रश्न

(4) अभिसारी प्रश्न

**83.** कक्षा में लैंगिक भूमिका के बारे में चर्चा करते हुए आप किस बात पर बल देंगे ?

(1) स्त्री और पुरुषों के लिए भिन्न व्यवसाय हैं

(2) चूँकि लड़के आगे जाकर अपने परिवार के लिए धन-अर्जन करेंगे अतः उन्हें विद्यालय जाना चाहिए

(3) समाज में व्याप्त लैंगिक रूढ़िबद्धता को सार्थक रूप में संबोधित करने की आवश्यकता है

(4) घरेलू कामों को उत्पादक कार्य के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए

84. एन.सी.ई.आर.टी. की 'सामाजिक और राजनैतिक जीवन' पाठ्य-पुस्तकों का उपागम है

(1) शिक्षार्थी को प्रश्न का एक सही उत्तर देना
(2) पाठ की तथ्यात्मक विषय-वस्तु पर शिक्षार्थियों का ध्यान आकर्षित करना
(3) अवधारणाओं का उपसंहार करने के लिए परिभाषाओं का प्रयोग करना
(4) अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए केस अध्ययनों और कथाओं का प्रयोग करना

85. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न विद्यार्थियों के आलोचनात्मक (तार्किक) चिंतन कौशल को विकसित करने में मदद करेगा ?

(1) 'सभी संक्रामक रोग जल जनित होते हैं ।' सत्य अथवा असत्य बताइए ।
(2) 'महिलाओं के कार्य पर दुगुना बोझ' पर टिप्पणी कीजिए ।
(3) प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा किए जाने वाले दो उपायों को लिखिए ।
(4) भारतीय स्वास्थ्य और भारतीय शिक्षा में सरकार की क्या भूमिका है ?

86. आप कक्षा-VIII में विद्यार्थियों को 'विविधता में एकता' पढ़ा रहे हैं । आप विद्यार्थियों को प्रभावी तरीके से अवधारणा समझाने के लिए निम्नलिखित में से किस गतिविधि को करेंगे ?

(1) भारत के राज्यों के बीच 'नदी विवादों' पर निबंध लिखना
(2) विद्यालय के समीप हाइड्रो-इलैक्ट्रिक परियोजना का मॉडल बनाना
(3) पाठ को अच्छी तरह से पढ़ा देने के बाद परीक्षा लेना
(4) हमारे देश के नृत्य के विभिन्न प्रकारों पर फ़ीचर प्रस्तुत करना और उनमें निहित समानताओं तथा अंतरों का मूल्यांकन करना

87. सामाजिक विज्ञान में निदानात्मक परीक्षण शिक्षक को क्या समझने में सहायता करेगा ?

(1) प्रकरण का वह हिस्सा जिसे विद्यार्थी ने कंठस्थ नहीं किया है
(2) सामाजिक विज्ञान में विद्यार्थी सीखने सम्बन्धी किन कठिनाइयों का सामना कर रहा है
(3) पुनरावृत्ति किस प्रकार विद्यार्थी की सहायता करती है
(4) उसके विद्यार्थी कितने बुद्धिमान हैं

**88.** माध्यमिक विद्यालयों में सामाजिक विज्ञान पढ़ाने के संदर्भ में कौन-सा कथन सर्वाधिक ***अनुचित*** है ?

(1) सामाजिक विज्ञान पढ़ाना चाहिए क्योंकि यह मानवीय सम्बन्धों की समझ अर्जित करने में मदद करता है

(2) सामाजिक विज्ञान पढ़ाना चाहिए क्योंकि यह सामाजिक यथार्थ के बारे में बच्चों को संवेदनशील बनाने में मदद करता है

(3) सामाजिक विज्ञान पढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि यह सामाजिक मुद्दों पर वाद-विवाद करने और अपने विचार अभिव्यक्त करने में विद्यार्थियों की मदद करता है

(4) सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या का हिस्सा होना चाहिए ताकि शिक्षार्थी राजाओं के जीवन और उनके बीच हुए युद्धों के बारे में जान सकें

**89.** बच्चों के साथ गतिविधियाँ केवल तभी प्रभावी होती हैं जब

(1) शिक्षिका यह नहीं जानती कि वह यह क्यों कर रही है

(2) शिक्षिका उन्हें अपनी 'पाठ-योजना' को पूरा करने के लिए करवाती है

(3) शिक्षिका गतिविधि-आधारित अधिगम के लिए अपने प्रधानाचार्य के आदेश को पूरा करने हेतु दिखावे के लिए करती है

(4) उसका विश्वास है कि गतिविधि-आधारित शिक्षा बच्चों को अवधारणा समझने में मदद करती है

**90.** निम्नलिखित में से कौन-सा सामाजिक विज्ञान अनुदेशात्मक प्रक्रिया का हिस्सा ***नहीं*** होना चाहिए ?

(1) योजना

(2) तथ्यों का श्रुतलेख

(3) प्रतिपुष्टि तंत्र

(4) क्रियान्वयन

# भाग IV
## भाषा I
## हिन्दी

***निर्देश :*** *गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 91 से 99) में* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

मैं जिस घर में रहती थी, वहाँ मेरी आदत बहुत सवेरे उठने की थी । एक दिन उतने सवेरे एक छोटा बच्चा, जो शायद डेढ़ साल से कम का होगा, मेरे कमरे में आया । मैंने सोचा कि वह शायद भूखा होगा और उससे पूछा कि वह कुछ खाना चाहता है ? उसने उत्तर दिया, "कीड़े ।" मैंने आश्चर्य से कहा, "कीड़े ?" जब उसने देखा कि मेरी समझ में उसकी बात नहीं आ रही है तो मेरी सहायता के लिए उसने एक शब्द और जोड़ा, "अंडा ।" मैंने अपने मन में सोचा कि इतने सवेरे कुछ पीना चाहता है क्या ? यह आखिर कहना क्या चाह रहा है ? उसने फिर कहा, 'नीना, अंडे, कीड़े ।' अब मुझे पूरी बात समझ में आ गई । एक दिन पहले, उसकी बहन नीना कागज़ पर अंडे की शक्ल बनाकर उसमें रंग भर रही थी । इस बच्चे की इच्छा थी कि वह भी रंग भरे, पर नीना ने उसे गुस्से में आकर भगा दिया । उसने नीना का विरोध नहीं किया और बड़े धैर्य और लगन के साथ मौके का इंतज़ार करता रहा । मैंने उसे क्रेयॉन का रंग दे दिया और उसका चेहरा खुशी से दमक उठा । उससे अंडे के आकार की रेखा नहीं खींची गई, तो मैंने उसके लिए चित्र बना दिया । फिर उसने अपनी टेढ़ी-मेढ़ी लकीरों से उसमें रंग भरना शुरू कर दिया । उसकी बहन सीधी रेखाओं में रंग भरती थी, और उसने कीड़े की तरह लहरदार रेखाओं में रंग भरा ।

*– मारिया मांटेसरी*

**91.** बच्चे ने 'कीड़े' के बाद 'अंडा', 'नीना अंडे कीड़े' शब्दों का प्रयोग किया, क्योंकि

(1) वह जान गया था कि लेखिका उसकी बात समझ नहीं पाई है

(2) वह रंग भरने की बात बताना चाहता था

(3) वह अंडा बनाना चाहता था

(4) वह कागज़ और क्रेयॉन चाहता था

**92.** अनुच्छेद से पता चलता है कि डेढ़ साल के बच्चे

(1) तसवीरें चाहते हैं

(2) कागज़ चाहते हैं

(3) संप्रेषण के लिए कथ्य के मुख्य शब्दों का प्रयोग करते हैं

(4) रंग चाहते हैं

**93.** टेढ़ी-मेढ़ी लकीरों को 'कीड़े' कहना इस ओर संकेत करता है कि बच्चा

(1) दो अलग चीज़ों में आकृति के आधार पर समानता खोज लेता है

(2) हर हालत में अपनी बात कह देता है

(3) लकीरों को कीड़ा मानता है

(4) टेढ़ी-मेढ़ी लकीरें ही बना सकता है

**94.** डेढ़ साल का बच्चा 'अंडा' नहीं बना पाया । यह बात किस ओर संकेत करती है ?

(1) बच्चा अंडा नहीं बना सकता

(2) *बच्चा चित्र बनाने में सक्षम नहीं है*

(3) बच्चे ने अंडा देखा नहीं इसलिए वह अंडा नहीं बना पाया

(4) उसका अभी अपने हस्त संचालन की गति और दिशा पर नियंत्रण नहीं हो पाया है

**95.** रेखाओं को बच्चे ने 'कीड़े' कहा । बच्चा वृत्त को क्या कह सकता है ?

(1) चम्मच

(2) चूड़ी

(3) पेड़

(4) छतरी

**96.** 'उतने सवेरे' पद में 'उतने' शब्द किस ओर संकेत करता है ?

(1) सवेरे की ओर

(2) बहुत सवेरे की ओर

(3) सवेरे का वह समय जितने बजे लेखिका को उठने की आदत है

(4) बहुत जल्दी

**97.** अनुच्छेद में से मिश्रित वाक्य का उदाहरण है

(1) उसने नीना का विरोध नहीं किया और बड़े धैर्य और लगन के साथ मौके का इंतज़ार करता रहा ।

(2) यह आखिर कहना क्या चाह रहा है ?

(3) अब मुझे पूरी बात समझ में आ गई ।

(4) मैंने आश्चर्य से कहा, "कीड़े ?"

**98.** 'उसका चेहरा खुशी से दमक उठा ।' वाक्य में रेखांकित अंश के स्थान पर कौन-सा मुहावरा आएगा ?

(1) खिल उठा

(2) खुश हो गया

(3) खुशी से फूला न समाया

(4) गद्-गद् हो गया

**99.** 'इतने सवेरे कुछ पीना चाहता है क्या ?' वाक्य में 'कुछ' शब्द है

(1) अनिश्चय संख्यावाचक विशेषण

(2) प्रश्नवाचक सर्वनाम

(3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(4) निश्चयवाचक सर्वनाम

***निर्देश :** कविता की पंक्तियाँ पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 100 से 105) में **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

जग-जीवन में जो चिर महान,
सौंदर्य पूर्ण औ सत्यप्राण,
मैं उसका प्रेमी बनूँ नाथ !
जिससे मानव-हित हो समान !
जिससे जीवन में मिले शक्ति
छूटे भय-संशय, अंध-भक्ति,
मैं वह प्रकाश बन सकूँ नाथ !
मिल जावे जिसमें अखिल व्यक्ति !

*सुमित्रानंदन पंत*

**100.** कवि ने 'चिर महान' किसे कहा है ?

(1) मानव को

(2) ईश्वर को

(3) जो सत्य और सुंदर से संपूर्ण हो

(4) शक्ति को

**101.** कवि कैसा प्रकाश बनना चाहता है ?

(1) जिससे सब तरफ उजाला हो जाए

(2) अंधकार दूर हो जाए

(3) जो जीने की शक्ति देता है

(4) जिसमें मनुष्य सभी भेदभाव भुलाकर एक हो जाते हैं

**102.** कवि ने 'अखिल व्यक्ति' का प्रयोग क्यों किया है ?

(1) कवि समस्त विश्व के व्यक्तियों की बात करना चाहता है

(2) कवि अमीर लोगों की बात करना चाहता है

(3) कवि भारत के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाहता है

(4) कवि सांसारिक बात करना चाहता है

**103.** कविता के किस अंश में तर्कहीन आस्था का उल्लेख हुआ है ?

(1) छूटे भय-संशय, अंध-भक्ति,

(2) मिल जावें जिसमें अखिल व्यक्ति !

(3) मैं वह प्रकाश बन सकूँ, नाथ !

(4) जिससे मानव-हित हो समान !

**104.** कवि ने कविता की पंक्तियों के अंत में विस्मयादिबोधक चिह्न का प्रयोग क्यों किया है ?

(1) कविता को तुकांत बनाने के लिए

(2) कवि अपनी इच्छा प्रकट कर रहा है

(3) इससे कविता का सौंदर्य बढ़ता है

(4) पूर्ण विराम की लीक से हटने के लिए

**105.** कविता का मूल भाव क्या है ?

(1) कल्याण

(2) अमर दान की प्राप्ति

(3) विश्व-परिवार की भावना

(4) सत्य की प्राप्ति

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

**106.** भाषा-शिक्षण की कौन-सी विधि मातृभाषा को मध्यस्थ बनाए बिना दूसरी भाषा को सिखाने पर बल देती है ?

(1) प्रत्यक्ष विधि

(2) द्विभाषीय विधि

(3) अनुवाद विधि

(4) व्याकरण एवं अनुवाद विधि

**107.** भाषा-शिक्षण के संदर्भ में कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(1) समृद्ध भाषा-परिवेश भाषा अर्जित करने में सहायक होता है

(2) भाषा-अर्जन और भाषा-अधिगम में अंतर होता है

(3) भाषा-शिक्षण में केवल भाषायी शुद्धता पर ही अधिक बल रहता है

(4) भाषा सीखने में अन्य विषयों का अध्ययन-अध्यापन सहायक होता है

**108.** भाषा-शिक्षण का संप्रेषणपरक उपागम

(1) 'बोलना' कौशल पर बल देता है

(2) भाषिक संरचनाओं की जानकारी पर बल देता है

(3) संदर्भ में भाषा-प्रयोग की कुशलता पर बल देता है

(4) मातृभाषा-प्रयोग का निषेध करता है

**109.** स्वलीन विकार (ऑटिस्टिक डिस्ऑर्डर) में बच्चा

(1) अपने ही कार्यों में लीन रहता है

(2) अपने हाथ-पैर हिलाने में कठिनाई का अनुभव करता है

(3) सामाजिक अंतःक्रिया और संप्रेषण में कठिनाई का अनुभव करता है

(4) अक्सर खाने से मना कर देता है

**110.** एल.एस. वाइगोत्स्की के अनुसार

(1) भाषा एक अर्जित योग्यता है

(2) भाषा चिंतन को निर्धारित करती है

(3) चिंतन भाषा को निर्धारित करता है

(4) भाषा एवं चिंतन एक-दूसरे से स्वतंत्र रूप से विकसित होते हैं

**111.** एक बहुसांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाली कक्षा में भाषा सीखने के बारे में कौन-सा विचार उचित है ?

(1) बच्चों में भाषा सीखने की क्षमता बलपूर्वक विकसित करनी होती है

(2) अधिकाधिक पुस्तकों का निर्माण किया जाए

(3) भाषा सिखाने के लिए व्याकरणिक नियमों का और अधिकाधिक प्रयोग होना चाहिए

(4) भाषा परिवेश का निर्माण किया जाए ताकि भाषा-अर्जन की सहज स्थिति बन सके

**112.** 'बच्चे भाषा सीखने की क्षमता के साथ पैदा होते हैं ।' मुख्यतः यह किसका विचार है ?

(1) जीन पियाजे

(2) एल.एस. वाइगोत्स्की

(3) ईवान पैवलोव

(4) नॉओम चॉम्स्की

**113.** लोकगीतों को भाषा की कक्षाओं में स्थान दिया जाना चाहिए, क्योंकि

(1) इससे बच्चे संस्कृतिगत विशेषताओं से परिचित होते हैं

(2) लोकगीतों को बढ़ावा देना भाषा-शिक्षण का मुख्य उद्देश्य है

(3) लोकगीत गाए जा सकते हैं

(4) केवल लोकगीतों के माध्यम से पारंपरिक मूल्यों की शिक्षा दी जा सकती है

**114.** सुलेखा ने पाठ को पढ़ते हुए 'जीवन' को 'ज़िंदगी' पढ़ा । यह इस ओर संकेत करता है कि

(1) वह अक्षर-पहचान की बजाय अर्थ को समझते हुए पढ़ रही है

(2) उसे अक्षरों की पहचान में भ्रम हो जाता है

(3) उसे केवल पठन-अभ्यास की बहुत आवश्यकता है

(4) सुलेखा ध्यान से नहीं पढ़ती

**115.** 'मैंने चाट खाई और फिर मैंने हँसी ।' शर्मिला का यह भाषा-प्रयोग मुख्यतः किस ओर संकेत करता है ?

(1) भाषा की समझ न होना

(2) व्याकरणिक नियमों की जानकारी न होना

(3) नियमों का अति सामान्यीकरण

(4) भाषा-प्रयोग में असावधानी

**116.** पाठ पढ़कर बच्चों से प्रश्न बनवाने से

(1) प्रश्न बनाने की आदत का विकास होता है

(2) इस बात का पता चलता है कि बच्चे प्रश्नवाचक शब्दों से परिचित हैं या नहीं

(3) शिक्षक को यह जानने का अवसर मिलता है कि बच्चों ने पाठ को कितनी गहराई से समझा है

(4) कक्षा-कार्य की अच्छी युक्ति पूरी होती है

**117.** लिखित कार्य की जाँच में बच्चों की सहायता लेने से

(1) बच्चे दूसरों के विचारों से परिचित होते हैं

(2) केवल पठन-कौशल का अभ्यास होता है

(3) बच्चे ज़्यादा ग़लतियाँ ढूँढना सीख जाते हैं

(4) बच्चों को दूसरों की हस्तलिखित सामग्री को पढ़ने का अवसर और अवलोकन-क्षमता के विकास का अवसर मिलता है

**118.** 'पढ़ना' कौशल में सबसे ज़्यादा महत्त्वपूर्ण है

(1) संदर्भानुसार अर्थ ग्रहण करना

(2) शब्दों-वाक्यों को शुद्ध रूप से उच्चरित करना

(3) केवल अक्षर पहचान

(4) तेज़ गति से पढ़ना

**119.** भाषा सीखने में जो त्रुटियाँ होती हैं

(1) वे सीखने की प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा होती हैं जो समय के साथ दूर होने लगती हैं

(2) उन्हें कठोरता से लेना चाहिए

(3) उन्हें जल्दी से दूर किया जाना चाहिए

(4) वे बच्चों की त्रुटियों की ओर संकेत करती हैं

**120.** किसी भाषा कक्षा में कहानी-कथन की आवश्यकता के संदर्भ में कौन-सा तर्क उचित ***नहीं*** है ?

(1) सभी बच्चों की क्षमता-अनुसार कल्पना-शक्ति का विकास होता है ।

(2) सभी बच्चों को भाषा सुनने का परिवेश मिलता है ।

(3) सभी बच्चों की क्षमता को ध्यान में रखते हुए यह उचित नहीं है ।

(4) बच्चों को शब्द-भंडार के विकास के अवसर प्राप्त होते हैं ।

# भाग V
## भाषा II
## हिन्दी

*निर्देश : गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 121 से 129) में **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

कमज़ोर विचारक तत्काल उत्तर की ओर दौड़ता है । पर सोचने वाले बच्चे समय लेते हैं । सवाल पर विचार करते हैं । क्या यह अंतर केवल सोचने के कौशल के होने या न होने के कारण है ? एक ऐसा कौशल जो केवल एक तकनीक है और जिसे, अगर भाग्य ने साथ दिया तो, हम बुद्धि से बच्चों को सिखा सकते हैं । क्या बच्चों को इस कौशल में प्रशिक्षित कर सकते हैं ? मुझे भय है कि ऐसा नहीं है । अच्छा विचारक सोचने में समय इसलिए लगा सकता है, क्योंकि वह अनिश्चय को सह सकता है । वह इस बात को भी झेल सकता है कि वह कोई चीज़ नहीं जानता । पर कमज़ोर विचारक को कुछ न जानने की कल्पना ही असहनीय लगती है । क्या इस पूरे विश्लेषण से हम यह नहीं पाते कि असल में इन बच्चों में 'ग़लत' होने का भय बैठा होता है । बेशक यही भय है जो मॉनिका जैसे बच्चों पर भयानक दबाव डालता है । ठीक ऐसे ही दबाव हैल भी महसूस करता है । शायद मैं भी । मॉनिका अकेली नहीं है जो सही होना चाहती है और ग़लत होने से डरती है । पर यहाँ शायद एक दूसरी असुरक्षा की भावना काम करती होती है । यह असुरक्षा की भावना पैदा होती है सवाल के लिए कोई भी जवाब नहीं होने से ।

*(स्रोत - बच्चे असफल कैसे होते हैं*
*– जॉन हॉल्ट, एकलव्य)*

**121.** कमज़ोर विचारक
(1) जल्दी उत्तर देना चाहता है
(2) देर से उत्तर देता है
(3) हमेशा अज्ञानी होता है
(4) कमज़ोर होता है

**122.** अच्छे विचारक वे हैं जो
(1) सोच-विचार कर जवाब देते हैं
(2) हमेशा सही जवाब देते हैं
(3) उलझे से रहते हैं
(4) जिनकी बुद्धि बहुत तेज़ होती है

**123.** मॉनिका पर किस बात का दबाव रहता है ?
(1) बुद्धि का प्रशिक्षण न होने का
(2) असुरक्षित होने का
(3) अच्छा विचारक न कहलाए जाने का
(4) ग़लत होने का

**124.** लेखक के अनुसार क्या ज़रूरी है ?
(1) अच्छी तरह चिंतन करने के बाद जवाब देना
(2) असुरक्षा न होना
(3) सही जवाब
(4) देर से जवाब देना

**125.** कमज़ोर विचारक को क्या असहनीय लगता है ?
(1) सोचने का कौशल
(2) उत्तर न जानना
(3) विचार
(4) प्रशिक्षण

**126.** 'प्रशिक्षित' शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय हैं
(1) प्र, इत
(2) प्र, त
(3) प्र, ईत
(4) प्र, क्षित

**127.** 'वह ग़लत होने से _________ डरती है ।' वाक्य में उचित क्रिया-विशेषण शब्द आएगा
(1) बहुत
(2) तेज़
(3) अचानक
(4) धीरे-धीरे

**128.** 'शायद मैं भी ।' वाक्य है
(1) संदेहवाचक
(2) संकेतवाचक
(3) इच्छार्थक
(4) विधानवाचक

**129.** 'तत्काल' शब्द का संधि-विच्छेद है
(1) तत् + काल
(2) तत + काल
(3) त + अकाल
(4) ततः + काल

**निर्देश :** *गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 130 से 135) में* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

अभी भी इस बारे में बहुत कम जानकारी है कि आधुनिक कही जाने वाली आज की दुनिया आखिर कैसे संचालित हो रही है । हालाँकि हरेक देश के पास इसकी कोई-न-कोई आधिकारिक व्याख्या ज़रूर है कि वे कैसे और किन संदर्भों में आधुनिक हो रहे हैं । लेकिन इस बारे में मेरा कहना है कि आधुनिकता को समझने के लिए ज़रूरी है कि आप अपने अंदर झाँक सकें । इससे आपको पता चलेगा कि आधुनिकता की राह पर बढ़ने के लिए समाज को किन चीज़ों की ज़रूरत होती है । बेशक, आज हर कोई मॉडर्न होना चाहता है, लेकिन आधुनिकता की राह उतनी स्पष्ट नहीं है, जितनी वह मानी जाती है । इसीलिए मैं यह बात बार-बार कहता हूँ कि पश्चिमी समाज कभी-कभी आधुनिक नहीं रहे । पश्चिम के पास एकमात्र उल्लेखनीय चीज़ है साइंस, जिसमें उसने तरक़्क़ी की लेकिन जिन साइंटिस्टों के बलबूते वहाँ आधुनिकता का परचम लहराया जाता है, ख़ुद वे साइंटिस्ट अपने कल्चर में उलझे रहते हैं । उनका यह कल्चर आधुनिकता का झंडाबरदार नहीं है । यह भी नहीं कहा जा सकता है कि उनके कल्चर पर दूसरी संस्कृतियों और लोकाचारों का असर नहीं हुआ होगा । अगर यह असर हुआ है तो सिर्फ़ वही आधुनिक क्यों कहा जाए ?

*(ब्रूनो लातूर – फ्रेंच सोशल साइंटिस्ट)*

**130.** लेखक ने किस बात की अस्पष्टता की ओर संकेत किया है ?

(1) आधुनिकता की सही व्याख्या

(2) आधुनिक बनने के मानदंडों में वैविध्य

(3) पश्चिम देश की संस्कृति

(4) तरक़्क़ी का अर्थ

**131.** हर देश ने

(1) अपने-आप को आधुनिक साबित किया है

(2) आधुनिक होने के अपने अर्थ और मानदंड तय किए हैं

(3) आधुनिक होने की समान व्याख्या की है

(4) अपने द्वारा निर्धारित मानदंडों को सही नहीं कहा है

**132.** लेखक के अनुसार आधुनिक होने के लिए क्या ज़रूरी है ?

(1) अपनी संस्कृति का संरक्षण

(2) आधुनिकता की निश्चित परिभाषा

(3) स्वयं का विश्लेषण

(4) साइंस में तरक़्क़ी करना

**133.** 'पश्चिमी समाज कभी-कभी आधुनिक नहीं रहे ।' लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा ?

(1) पश्चिमी समाज आधुनिक नहीं है

(2) पश्चिमी समाज दूसरे कल्चर का असर ग्रहण कर रहा है

(3) पश्चिमी समाज के पास साइंस है

(4) पश्चिमी समाज यह नहीं जानता कि आधुनिक का अर्थ क्या है और कौन-सी चीज़ें समाज को आधुनिक बनाती हैं

**134.** लेखक इस गद्यांश में क्या कहना चाहता है ?

(1) आधुनिक होने के लिए विज्ञान में तरक़्क़ी करना ज़रूरी है ।

(2) पश्चिमी समाज आधुनिक हैं ।

(3) वैज्ञानिकों को केवल अपनी संस्कृति का ज्ञान है ।

(4) विज्ञान में उन्नति करना ही आधुनिक होने का मानदंड नहीं है ।

**135.** 'साइंटिस्टों' शब्द इस ओर संकेत करता है कि

(1) कोई भाषा किसी दूसरी भाषा से शब्द तो लेती है लेकिन व्याकरण अपना प्रयुक्त करती है

(2) लेखक का शब्द-चयन अच्छा नहीं है

(3) आजकल खिचड़ी भाषा का प्रयोग हो रहा है

(4) ऐसे शब्द न तो हिन्दी के रहते हैं और न अंग्रेज़ी के

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

**136.** किस प्रकार के प्रश्न बच्चों की भाषागत समझ का आकलन करने में अधिक सहायक ***नहीं*** होते ?

(1) अनुमानपरक प्रश्न

(2) पाठ पर आधारित तथ्यात्मक प्रश्न

(3) कल्पनापरक प्रश्न

(4) चिंतनपरक प्रश्न

**137.** 'भाषा-शिक्षण' में शब्दार्थ पर अधिक बल ***नहीं*** देना चाहिए, क्योंकि

(1) बच्चे संदर्भ के अनुसार अनुमान लगाते हुए अर्थ ग्रहण कर लेते हैं

(2) शब्दों के अर्थ शब्दकोश से देखे जा सकते हैं

(3) इसमें समय व्यर्थ होता है

(4) बच्चे सारे शब्दों के अर्थ जानते हैं

**138.** 'पठन-कुशलता' का मूल्यांकन करने के लिए आप क्या करेंगे ?

(1) बच्चों से ज़ोर-ज़ोर से बोलकर पढ़ने के लिए कहेंगे ताकि उच्चारण की जाँच हो सके

(2) पढ़ी गई सामग्री पर तथ्यात्मक प्रश्न पूछेंगे

(3) पढ़ी गई सामग्री पर प्रश्न बनवाएँगे

(4) पुस्तक के किसी पाठ की पंक्तियाँ पढ़वाएँगे

**139.** 'भाषा-शिक्षण' के संदर्भ में कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(1) बच्चे भाषा की जटिल संरचनाओं के साथ विद्यालय आते हैं

(2) बच्चे अपने द्वारा बनाए गए भाषा-नियमों में विस्तार एवं परिवर्तन करते हैं

(3) समृद्ध भाषा-परिवेश भाषा अर्जित करने में सहायक होता है

(4) बच्चों की मातृभाषा का कक्षा में प्रयोग नहीं होना चाहिए

**140.** 'बोलना-कौशल' के विकास के लिए सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण सिद्ध हो सकता है

(1) सुनी गई सामग्री का ज्यों-का-त्यों प्रस्तुतीकरण

(2) श्रुतलेख

(3) कथा श्रवण

(4) परस्पर वार्तालाप

**141.** 'भाषा-अर्जन' और 'भाषा-अधिगम' के संदर्भ में कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(1) भाषा-अर्जन सहज और स्वाभाविक होता है, जबकि भाषा-अधिगम प्रयासपूर्ण होता है ।

(2) रोज़गार प्राप्त करने के लिए ही भाषा सीखी जाती है ।

(3) 'भाषा-अर्जन' के लिए समृद्ध भाषायी परिवेश की आवश्यकता होती है ।

(4) 'भाषा-अधिगम' में संप्रेषण-कुशलता पर भी बल रहता है ।

**142.** विशेष क्षमता वाले बच्चों की कक्षा में 'लेखन-कौशल' के अभ्यास के लिए महत्वपूर्ण है

(1) अक्षरों की सुंदर बनावट

(2) विचारों की मौलिकता

(3) शुद्ध वर्तनी का प्रयोग

(4) आलंकारिक भाषा का प्रयोग

**143.** भाषा-शिक्षण में सहायक है

(1) व्याकरणिक नियमों की जानकारी

(2) निदानात्मक व उपचारात्मक कार्य

(3) शुद्ध-भाषा पर बल

(4) साहित्य-शिक्षण

**144.** अन्य विषयों की कक्षाएँ भी भाषा-अधिगम में सहायता करती हैं, क्योंकि

(1) अन्य विषयों के शिक्षक विषय के साथ-साथ भाषा भी सिखाते हैं

(2) सभी शिक्षक एक से अधिक भाषा जानते हैं

(3) अन्य विषयों की पाठ्य-पुस्तकें भाषा-शिक्षण के उद्देश्यों को ध्यान में रखती हैं

(4) अन्य विषयों को पढ़ने पर वैविध्यपूर्ण भाषा-प्रयोग के अनेक अवसर उपलब्ध होते हैं

**145.** 'मौन पठन' में मुख्यतः

(1) तेज़ गति से पाठ को पढ़ा जाता है

(2) शब्द-भंडार विकसित किया जाता है

(3) मन ही मन बुदबुदाते हुए पढ़ा जाता है

(4) गहन अर्थ को आत्मसात् करने का प्रयास किया जाता है

**146.** आप सस्वर पठन में अनिवार्यतः किस साहित्यिक विधा का समर्थन करेंगे ?

(1) आत्मकथा का

(2) एकांकी का

(3) यात्रावृत्तांत का

(4) जीवनी का

**147.** एकांकी पढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका है

(1) शिक्षक स्वयं पढ़ें और बच्चे सुनें

(2) बच्चों से अलग-अलग पात्रों के संवाद पढ़वाए जाएँ और फिर एकांकी का मंचन हो

(3) एकांकी को बच्चे घर से पढ़कर आएँ और कक्षा में शिक्षक सवाल पूछें

(4) शिक्षक स्वयं पढ़ते हुए सवाल पूछते जाएँ

**148.** समावेशी-शिक्षा के संदर्भ में भाषा-शिक्षण के लिए अनिवार्य है

(1) भाषा-कौशलों का उपयुक्त अभ्यास

(2) विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का उपयोग

(3) व्याकरणिक संकल्पनाओं का अधिकाधिक अभ्यास

(4) एकांकी-शिक्षण में सभी की भागीदारी

**149.** 'बहु-सांस्कृतिक' पृष्ठभूमि वाली भारतीय कक्षाओं में भाषा-शिक्षण के लिए अत्यावश्यक है

(1) लक्ष्यभाषा के विभिन्न भाषिक तत्त्वों का अधिकाधिक अभ्यास

(2) परस्पर बातचीत के लिए अनेक अवसरों का निर्माण

(3) विद्यार्थियों को 'श्रवण व लेखन' कौशलों के अधिकाधिक अवसर देना

(4) विद्यार्थियों को 'भाषण व लेखन' के अधिकाधिक अवसर देना

**150.** हिन्दी भाषा में सतत और व्यापक मूल्यांकन करते समय आप किस बात पर विशेष ध्यान देंगे ?

(1) विभिन्न संदर्भों में भाषा-प्रयोग की कुशलता

(2) शुद्ध वर्तनी

(3) परियोजना-कार्य

(4) शुद्ध उच्चारण

**उत्तर : सीटेट द्वितीय प्रश्नपत्र 2011**

**भाग- I**

| | |
|---|---|
| 1 | 4 |
| 2 | 2 |
| 3 | 1 |
| 4 | 2 |
| 5 | 2 |
| 6 | 4 |
| 7 | 2 |
| 8 | 2 |
| 9 | 1 |
| 10 | 3 |
| 11 | 2 |
| 12 | 3 |
| 13 | 1 |
| 14 | 3 |
| 15 | 1 |

| | |
|---|---|
| 16 | 4 |
| 17 | 2 |
| 18 | 4 |
| 19 | 4 |
| 20 | 1 |
| 21 | 3 |
| 22 | 3 |
| 23 | 1 |
| 24 | 3 |
| 25 | 4 |
| 26 | 3 |
| 27 | 3 |
| 28 | 4 |
| 29 | 1 |
| 30 | 4 |

**भाग- II**

| | |
|---|---|
| 31 | 2 |
| 32 | 4 |
| 33 | 1 |
| 34 | 1 |
| 35 | 3 |
| 36 | 3 |
| 37 | 3 |
| 38 | 1 |
| 39 | 4 |
| 40 | 3 |
| 41 | 2 |
| 42 | 3 |
| 43 | 3 |
| 44 | 2 |
| 45 | 4 |

| | |
|---|---|
| 46 | 1 |
| 47 | 3 |
| 48 | 3 |
| 49 | 3 |
| 50 | |
| 51 | 2 |
| 52 | |
| 53 | 4 |
| 54 | |
| 55 | 2 |
| 56 | 2 |
| 57 | 1 |
| 58 | 3 |
| 59 | 4 |
| 60 | 4 |

| | |
|---|---|
| 61 | 4 |
| 62 | 1 |
| 63 | 2 |
| 64 | 1 |
| 65 | 2 |
| 66 | 2 |
| 67 | 1 |
| 68 | 1 |
| 69 | 2 |
| 70 | 3 |
| 71 | 2 |
| 72 | 4 |
| 73 | 3 |
| 74 | 4 |
| 75 | 2 |

| | |
|---|---|
| 76 | 1 |
| 77 | 2 |
| 78 | 3 |
| 79 | 4 |
| 80 | 1 |
| 81 | 3 |
| 82 | 1 |
| 83 | 3 |
| 84 | 4 |
| 85 | 2 |
| 86 | |
| 87 | 2 |
| 88 | 4 |
| 89 | 4 |
| 90 | 2 |

भाग- III

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | | 46 | | 61 | | 76 | |
| 32 | | 47 | | 62 | | 77 | |
| 33 | | 48 | | 63 | | 78 | |
| 34 | | 49 | | 64 | | 79 | |
| 35 | | 50 | | 65 | | 80 | |
| 36 | | 51 | | 66 | | 81 | |
| 37 | | 52 | | 67 | | 82 | |
| 38 | | 53 | | 68 | | 83 | |
| 39 | | 54 | | 69 | | 84 | |
| 40 | | 55 | | 70 | | 85 | |
| 41 | | 56 | | 71 | | 86 | |
| 42 | | 57 | | 72 | | 87 | |
| 43 | | 58 | | 73 | | 88 | |
| 44 | | 59 | | 74 | | 89 | |
| 45 | | 60 | | 75 | | 90 | |

भाग- IV (भाषा- I)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 91 | | 106 | |
| 92 | | 107 | |
| 93 | | 108 | |
| 94 | | 109 | |
| 95 | | 110 | |
| 96 | | 111 | |
| 97 | | 112 | |
| 98 | | 113 | |
| 99 | | 114 | |
| 100 | | 115 | |
| 101 | | 116 | |
| 102 | | 117 | |
| 103 | | 118 | |
| 104 | | 119 | |
| 105 | | 120 | |

**भाग- V (भाषा- II)**

| | |
|---|---|
| 121 | 1 |
| 122 | 1 |
| 123 | 4 |
| 124 | 1 |
| 125 | 2 |
| 126 | 1 |
| 127 | 1 |
| 128 | 1 |
| 129 | 1 |
| 130 | 1 |
| 131 | 1 |
| 132 | 1 |
| 133 | 4 |
| 134 | 4 |
| 135 | 1 |

| | |
|---|---|
| 136 | 2 |
| 137 | 1 |
| 138 | 3 |
| 139 | 4 |
| 140 | 4 |
| 141 | 2 |
| 142 | 3 |
| 143 | 2 |
| 144 | 4 |
| 145 | 4 |
| 146 | 2 |
| 147 | 2 |
| 148 | 2 |
| 149 | 2 |
| 150 | 1 |